


सांध्य दैनिक

# श्रीकंचनपथ

RNI. Reg. No. CHHHIN/2009/30534
डाक पंजीयन क्रं.-छ.ग./दुर्ग/1000000029/2026-28

लीपा पोती नहीं सिर्फ सच




वर्ष- 18 अंक - 36 | www.shreekanchanpath.com | संस्थापक एवं प्रेरणास्रोत- स्व. श्रीमती रजनी अग्रवाल | भिलाई, गुरूवार 19 नवम्बर 2026 | पृष्ठ 8- मूल्य 1/-

## खास - खबर



### भावुक पत्र लिखकर शराब सुपरवाइजर ने लगा ली फांसी

**मांढर।** मांढ़र शराब दुकान के सुपरवाइजर प्रशांत वर्मा ने अपने घर पर फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। मामला सितलतरा थाना क्षेत्र का है। प्रशांत का लिखा एक नोट भी मिला है जिसमें उसने लिखा है, 'आई एम सॉरी, मां', बहुत दुख दिया उसके लिए। जिंदगी से हार गया, माफ कर देना।' प्रशांत ने पत्नी को भी मैसेज भेजा था, जिसमें उसने अपने साथ में काम करने वाले दो कर्मचारी यशवंत साहू और सुनील मोहले को मौत के लिए जिम्मेदार बताया था जबकि प्रशांत की मां राजेश्वरी वर्मा का कहना है कि अधिकारी पैसे के लिए दबाव बना रहे थे।

### 20 लाख का गबन कर सरकारी शराब दुकान का सेल्समैन फरार

**बलौदाबाजार।** गौधपुरी स्थित शासकीय कंपोजिट शराब दुकान में 20 लाख रुपये से अधिक की राशि के गबन का बड़ा मामला सामने आया है। बताया जाता है कि शराब दुकान के सेल्समैन गेवेंद्र बंजारे दीपावली के दौरान शराब की बिक्री से प्राप्त होने वाली राशि में वह लगातार हेराफेरी करता रहा। 13 नवंबर को विभागीय अधिकारियों द्वारा दुकान पहुंचकर बिक्री की रकम और लेखा-जोखा का मिलान किया गया, तब 20 लाख रुपये से अधिक की राशि का हिसाब नहीं मिला। गड़बड़ी सामने आते ही गेवेन्द्र दुकान से गायब हो गया।

### अकवान का असर, छत्तीसगढ़ में कल से बारिश का अलर्ट

**रायपुर।** चक्रवाती तूफान 'अकवान' के चलते 20 और 21 नवंबर को प्रदेश के कई जिलों में बारिश होने की संभावना है। बारिश के दौरान गरज-चमक के साथ बिजली गिरने और 40 से 50 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से तेज हवाएं चलने की आशंका है। कुछ जगहों पर भारी बारिश होने की भी चेतावनी दी गई है। 'अकवान' उत्तर-उत्तर-पश्चिम दिशा में बढ़ रहा है। 20 नवंबर दोपहर तक इसके उत्तरी आंध्र प्रदेश और दक्षिणी ओडिशा के तटों के बीच टकराने की संभावना है। इस दौरान हवा की रफ्तार 90 से 100 किमी प्रति घंटे तक रह सकती है।

### हेट स्पीच के आरोपी अमित बघेल को सुप्रीम कोर्ट से जमानत

**रायपुर।** छत्तीसगढ़िया क्रांति सेना के संस्थापक और जोहार छत्तीसगढ़िया पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अमित बघेल को सुप्रीम कोर्ट से बड़ी राहत मिली है। सुप्रीम कोर्ट ने गुरुवार को हेट स्पीच से जुड़े 14 आपराधिक मामलों में उन्हें नियमित जमानत दे दी। इसके साथ ही रायपुर जिले से बाहर रहने की शर्त भी हटा दी गई है। ये सभी मामले छत्तीसगढ़ महतारी की प्रतिमा के साथ हुई तोड़फोड़ की घटना को लेकर दिए गए उनके बयान से संबंधित हैं। बिलासपुर हाईकोर्ट ने 9 अप्रैल को इन्हीं मामलों में तीन महीने की अस्थायी जमानत दी थी। हालांकि, बलौदाबाजार आगजनी मामले में उन्हें 22 जुलाई को रिहा किया गया था। अस्थायी जमानत 22 अक्टूबर को खत्म हो गई थी।

# नक्सल खतरा कम होने के बाद घटाई वीआईपी सुरक्षा, वन मंत्री कश्यप और कौशल्या भी शामिल

**मुख्यमंत्री कौशल्या साय की सुरक्षा केटेगरी में भी बदलाव, 47 नेताओं की सुरक्षा पूरी तरह खत्म**

श्रीकंचनपथ समाचार

**रायपुर।** नक्सलवाद के खात्मे के बाद राज्य में वीआईपी सुरक्षा की समीक्षा की गई। 100 से अधिक नेताओं की सुरक्षा में कटौती कर दी गई जबकि 47 नेताओं की सुरक्षा पूरी तरह समाप्त कर दी गई है। जिन लोगों की सुरक्षा कम या खत्म कर दी गई है उनमें वन मंत्री केदार कश्यप एवं मुख्यमंत्री की धर्मपत्नी कौशल्या साय भी शामिल हैं।



गृह विभाग की प्रोटेक्शन रिव्यू कमेटी के फैसले के बाद यह निर्णय लिया गया है। जिन नेताओं की सुरक्षा में कटौती की जा रही है उनमें भाजपा-कांग्रेस, दोनों के नेता शामिल हैं। इस संबंध में गृह विभाग ने आधिकारिक आदेश जारी कर दिया है।

बता दें बस्तर संभाग में नक्सल गतिविधियों में आई कमी को देखते हुए गृह मंत्री विजय शर्मा ने भी सुरक्षा व्यवस्था में चरणबद्ध तरीके से कटौती करने और खतरे के आकलन के आधार पर कदम उठाने की बात कही थी। इसके बाद सरकार ने चरणबद्ध तरीके से सुरक्षा व्यवस्था कटौती करने का निर्णय लिया। सरकार के निर्णय पर अमल शुरू कर दिया गया है। अब बस्तर संभाग में तैनात सुरक्षा बलों और वीआईपी सुरक्षा व्यवस्था के ढांचे में बदलाव किया जा रहा है। आदेश में यह भी स्पष्ट किया गया है कि संबंधित व्यक्तियों को खतरे की स्थिति में स्थानीय स्तर पर सुरक्षा उपलब्ध कराने का प्रावधान लागू रहेगा।

#### श्रेणी Z+ से घटाकर Z और Z से घटाकर Y+ हुई सुरक्षा

जारी आदेश के अनुसार प्रदेश के मंत्री, पूर्व विधायक, पूर्व सांसद और राजनीतिक परिवारों से जुड़े लोगों की सुरक्षा श्रेणी Z+ से घटाकर Z और Z से घटाकर Y+ कर दी गई है। जिन प्रमुख हस्तियों की सुरक्षा श्रेणी Z+ से घटाकर Z की गई है, उनमें छत्तीसगढ़ शासन के मंत्री केदार कश्यप, कोंटा विधायक कवासी लखमा, नारायणपुर के पूर्व विधायक चंदन कश्यप और दंतेवाड़ा की पूर्व विधायक देवती कर्मा शामिल हैं।

इनके साथ ही पूर्व सांसद एवं प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज, पूर्व मंत्री महेश गागड़ा, दंतेवाड़ा के पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष छबिन्द्र कर्मा, महासमुंद के डिप्टी कलेक्टर आशीष कर्मा और दिवंगत महेंद्र कर्मा के पुत्र दिव्यराज कर्मा की सुरक्षा Z श्रेणी कर दी गई है।

#### मुख्यमंत्री की पत्नी कौशल्या साय की सुरक्षा में भी कटौती

सुरक्षा व्यवस्था में कमी के तहत मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की पत्नी कौशल्या साय की सुरक्षा श्रेणी में भी बदलाव किया गया है। कौशल्या साय को Z श्रेणी की सुरक्षा मिली हुई थी, जिसे अब घटाकर Y+ श्रेणी कर दिया गया है। सरगुजा के सांसद चिंतामणि महाराज, विधायक आशाराम नेताम, नीलकंठ टेकाम, विनायक गोयल और उमेश पटेल समेत कई नेताओं की सुरक्षा वाई प्लस से वाई श्रेणी में की गई है। राज्यसभा सदस्य फूलोदेवी नेताम, विधायक और पूर्व जनप्रतिनिधियों की सुरक्षा श्रेणी में भी बदलाव किया गया है। कई नेताओं को एक्स श्रेणी के तहत दो पीएसओ उपलब्ध कराने का निर्णय लिया गया है। इसके अलावा राज्यसभा सदस्य लक्ष्मी वर्मा, दलेश्वर साहू और पूर्व विधायक बृहस्पत सिंह सहित 11 लोगों की सुरक्षा वाई से एक्स श्रेणी में की गई है। पूर्व राज्यसभा सदस्य केटीएस तुलसी और अन्य दो लोगों की सुरक्षा भी खत्म की गई है।

# नवजात शिशुओं की खरीद-फरोख्त, 20 फर्जी जन्म प्रमाण पत्र भी बरामद, 3 गिरफ्तार



श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायपुर।** नवजात बच्चों की खरीद-फरोख्त से जुड़े कथित गिरोह का खुलासा हुआ है। पुलिस ने मामले में अहिल्या नामदेव, दीपिका नाग और कृतिका साहू को गिरफ्तार किया है। पुलिस के मुताबिक, गिरोह के सदस्य बच्चों की खरीद-फरोख्त के लिए महिलाओं को झांसा देते थे और फर्जी दस्तावेज तैयार कराते थे।

पुलिस के अनुसार, कृतिका ने ओडिशा की एक महिला को बच्चा बिकवाने का झांसा देकर गुढ़ियारी इलाके में रखा था। बताया जाता है कि कृतिका ने महिला के प्रसव का पूरा खर्च भी उठाया था। जानकारी के आधार पर पुलिस अब अन्य कड़ियों की जांच कर रही है।

बताया जाता है कि पुलिस को कृतिका के पास से कई बच्चों के फोटो मिले हैं। इसके अलावा आरोपियों के कब्जे से 20 फर्जी जन्म प्रमाण पत्र भी बरामद किए गए हैं। पुलिस को आशंका है कि इन दस्तावेजों का इस्तेमाल बच्चों की पहचान और जन्म से संबंधित जानकारी को गलत तरीके से दर्शाने के लिए किया जाता था।

मामले में दो अस्पतालों की भूमिका भी संदेह के घेरे में बताई जा रही है। पुलिस इन अस्पतालों से जुड़े दस्तावेजों और प्रसव संबंधी रिकॉर्ड की जांच कर रही है। पुलिस को शक है कि इस रैकेट में और भी लोग शामिल हैं। फिलहाल पूछताछ जारी है। पुलिस को जाली बर्थ सर्टिफिकेट बनाने वालों की भी तलाश है।

# श्रीराम हत्याकांड में चार दोषियों को उम्रकैद पूर्व भाजपा पार्षद को दिया संदेह का लाभ

श्रीकंचनपथ न्यूज

**दुर्ग।** चर्चित गंजपारा हत्याकांड के करीब ढाई साल बाद अदालत ने फैसला सुनाया है। श्रीराम यादव उर्फ मंत्री की हत्या के मामले में चार आरोपियों को उम्रकैद की सजा दी गई है। वहीं, मामले में आरोपी रहे दुर्ग नगर निगम के पूर्व भाजपा पार्षद अजय दुबे को संदेह का लाभ देते हुए बरी कर दिया गया है।



प्रथम अपर सत्र न्यायाधीश शेख अशरफ की अदालत ने 18 नवंबर 2026 को यह फैसला सुनाया। अदालत ने अक्षत दुबे उर्फ मान्या, शुभम शर्मा, वंश राजपूत और अमिताभ उर्फ चंदु को हत्या और रास्ता रोकने का दोषी माना। अक्षत और शुभम को आर्म्स एक्ट के तहत भी सजा सुनाई गई है। अभियोजन पक्ष हत्या और रास्ता रोककर हमला करने का आरोप साबित करने में सफल रहा। हालांकि, पूर्व पार्षद अजय दुबे के खिलाफ हत्या की साजिश रचने और एक आरोपी को छिपाने या संरक्षण देने के आरोप साबित नहीं हो सके।

अदालत ने चारों दोषियों को हत्या के मामले में उम्रकैद और 1-1 हजार रुपए जुर्माने की सजा सुनाई है। रास्ता रोकने के मामले में एक महीने की साधारण कैद और 500 रुपए जुर्माना भी लगाया है। अक्षत और शुभम को सार्वजनिक जगह पर बटनदार चाकू रखने और इस्तेमाल करने के मामले में आर्म्स एक्ट के तहत दो और तीन साल की सश्रम कैद की सजा सुनाई गई है।

### पुरानी सरकारों का अनुभव खट्टा था : पीएम मोदी

**नईदिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गुरुवार को भारत मंडपम में भारतीय वाणिज्य एवं उद्योग महासंघ की 100वीं वार्षिक महासभा और वार्षिक सम्मेलन का उद्घाटन किया। इस दौरान उन्होंने देश-विदेश से आए उद्योगपतियों और नीति निर्माताओं को संबोधित किया। प्रधानमंत्री ने अपने संबोधन में देश की आर्थिक प्रगति, गरीबी उन्मूलन और भारतीय उद्योग जगत की भूमिका पर बात की। उन्होंने कहा कि पिछले 12-13 वर्षों में देश के 50 करोड़ लोग गरीबी से बाहर निकले हैं। पीएम मोदी ने कांग्रेस पर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि 70 के दशक में जब देश में 'गरीबी हटाओ' का नारा दिया गया था, तब भारत की आबादी करीब 50 करोड़ थी।

# बांग्लादेश में हिंसाः यूनुस का पुश्तैनी घर फूंका, ढाका में धमाका, 565 लोग गिरफ्तार

**ढाका।** बांग्लादेश में शेख हसीना की दिसंबर में स्वदेश वापसी की घोषणा और अवामी लीग के लॉकडाउन आह्वान के बाद भड़की हिंसा में मो. यूनुस के चटगांव आवास और ग्रामीण बैंक की शाखाओं को आग के हवाले कर दिया गया, जबकि ढाका में तड़के बम धमाके हुए। प्रधानमंत्री तारिक रहमान ने अवामी लीग को फासीवादी ताकत बताते हुए कड़ा रुख अपनाया है और पुलिस ने 565 उपद्रवियों को गिरफ्तार किया है।



चटगांव के पंचलाइश इलाके में अज्ञात लोगों ने मोहम्मद यूनुस के पुश्तैनी घर को आग लगा दी। उनके द्वारा स्थापित 'ग्रामीण बैंक' की कई शाखाओं को भी जला दिया गया। हिंसा की यह आग दोनों प्रमुख राजनीतिक खेमों तक पहुंच गई है- जहां ढाका में अवामी लीग के दो नेताओं के घरों पर हमले व आगजनी की खबरें हैं, वहीं सत्तारूढ़ बीएनपी के दो कार्यालयों और एक नेता के घर को भी आग के हवाले कर दिया गया। पिछले दो दिनों में अवामी लीग के कम से कम दो पार्टी कार्यालयों और उसके नेताओं की पांच संपत्तियों को निशाना बनाया गया है, जिससे देश के 64 में से 28 जिलों में तनाव फैल गया है।

#### शेख हसीना की वापसी के ऐलान से भड़का तनाव

इस ताजा हिंसा के पीछे अवामी लीग का गुरुवार को बुलाया गया देशव्यापी लॉकडाउन है, जो पिछले साल विशेष न्यायाधिकरण के उस फैसले की बरसी के आसपास रखा गया है जिसमें 79 वर्षीय शेख हसीना को उनकी गैरमौजूदगी में मानवता के खिलाफ अपराधों के आरोप में मौत की सजा सुनाई गई थी। गौरतलब है कि 5 अगस्त 2024 को छात्र आंदोलन के बाद सरकार गिरने पर हसीना बांग्लादेश छोड़कर भारत आ गई थीं और वर्तमान सरकार भारत से उनके प्रत्यर्पण की मांग कर रही है।

# वेलिंगटन टेस्ट के पहले दिन न्यूज़ीलैंड ने बनाए 243 हेनरी निकल्स का शतक, ग्लेन फिलिप्स की फिफ्टी

#### ■ गेंदबाजी में बुमराह चमके, तीन विकेट झटके

**वेलिंगटन।** टेस्ट का पहला दिन मिलाजुला रहा। सुबह पहले सेशन में भारतीय पेसर्स का दबदबा रहा। उसके बाद न्यूजीलैंड के बैटर्स ने वापसी की। पहले दिन का खेल समाप्त होने तक कीवियों ने 5 विकेट पर 243 रन बनाए। हेनरी निकल्स 113 और ग्लेन फिलिप्स 94 रन पर नाबाद लौटे। दोनों में 173 रन की साझेदारी की। जसप्रीत बुमराह ने टॉम ब्लंडेल (5 रन), टॉम लैथम (जीरो) और डेरिल मिचेल (एक रन) को आउट किया। आकाशदीप ने रचिन रवींद्र (15 रन) और अंशुल कंबोज ने डेवोन कॉन्वे के विकेट लिए।



भारत ने टॉस जीतकर गेंदबाजी का फैसला लिया था। बुमराह की अगुआई में तेज गेंदबाजों ने इस फैसले को सही साबित कर दिया और पहले ही सत्र में न्यूजीलैंड को चार झटके दिए और दूसरे सत्र में उनकी आधी टीम को पवेलियन भेज दिया। हालांकि, इसके बाद हेनरी निकोल्स और ग्लेन फिलिप्स भारतीय गेंदबाजों के सामने दीवार बनकर खड़े हुए और कीवी टीम को मुश्किल से उबारा। पहले दिन का खेल समाप्त होने तक न्यूजीलैंड ने पहली पारी में पांच विकेट पर 243 रन बनाए हैं। स्टंप्स के समय निकोल्स 221 गेंदों पर 14 चौकों की मदद से 113 रन और ग्लेन फिलिप्स 182 गेंदों पर 13 चौकों की मदद से 94 रन बनाकर क्रीज पर मौजूद हैं। भारत के लिए बुमराह को अब तक तीन विकेट मिले, जबकि अंशुल कंबोज और आकाश दीप ने एक-एक विकेट लिया। एक समय न्यूजीलैंड ने 70 रन पर पांच विकेट गंवा दिए थे, लेकिन इसके बाद निकोल्स और फिलिप्स ने पारी को संभाल लिया। दोनों ने भारतीय गेंदबाजों को दिन के बाकी खेल में कोई सफलता हासिल नहीं करने दी।

# सीजीपीएससी की कॉपी से गायब मिले 4 पन्ने, परीक्षक पर 50 हजार का हर्जाना

श्रीकंचनपथ न्यूज

**बिलासपुर।** छत्तीसगढ़ हाईकोर्ट ने छत्तीसगढ़ लोक सेवा आयोग की मुख्य परीक्षा की उत्तरपुस्तिका से चार पन्ने गायब मिलने के मामले में कड़ा रुख अपनाया है। कोर्ट ने अभ्यर्थी की कॉपी से पन्ने गायब होने और इसकी जानकारी मिलने के बावजूद समय पर कार्रवाई नहीं करने को गंभीरता से लिया। हाईकोर्ट ने पीएससी के परीक्षक और संबंधित अधिकारी को तीन महीने के भीतर अभ्यर्थी को 50 हजार रुपये मुआवजा देने का निर्देश दिया है।

हालांकि कोर्ट ने स्पष्ट किया कि गायब पन्नों के पूरे अंक जोड़ने के बाद भी अभ्यर्थी चयन के निर्धारित अंकों तक नहीं पहुंचता, इसलिए उसे साक्षात्कार में शामिल कराने का आधार नहीं बनता।



मामला बिलासपुर निवासी नारायण दत्त से जुड़ा है। उन्होंने वर्ष 2018 में जारी विज्ञापन के आधार पर सीजी पीएससी परीक्षा के लिए आवेदन किया था। प्रारंभिक परीक्षा पास करने के बाद उन्होंने मुख्य परीक्षा दी, लेकिन अंतिम चयन में जगह नहीं बना सके। इसके बाद उन्होंने सूचना का अधिकार (आरटीआई) के तहत अपनी उत्तरपुस्तिका की प्रति मांगी। जब उन्होंने कॉपी देखी तो उसमें चार पन्ने गायब मिले।

#### उत्तरपुस्तिका से गायब थे 30 अंकों के जवाब

नारायण दत्त की सामान्य अध्ययन-पांच की उत्तरपुस्तिका से पृष्ठ क्रमांक 17 से 20 तक गायब थे। इन चार पन्नों पर प्रश्न क्रमांक 9 से 12 तक के उत्तर लिखे जाने थे। इन सवालों के कुल 30 अंक निर्धारित थे। उत्तरपुस्तिका में पन्ने फाड़कर निकाले जाने के निशान भी मिले थे। मामले की सुनवाई के दौरान हाईकोर्ट ने पाया कि उत्तरपुस्तिका के मूल्यांकन के समय ही पन्ने गायब होने की जानकारी सामने आ गई थी। इसी आधार पर उन्होंने 50 लाख रुपये मुआवजे की मांग की थी।

#### मुआवजा देने का निर्देश

सुनवाई के दौरान सीजी पीएससी के मुताबिक, यदि गायब पन्नों के अधिकतम 30 अंक भी उनके खाते में जोड़ दिए जाएं, तब भी उनका कुल स्कोर 725.5 ही होता, जो अंतिम चयनित अभ्यर्थी के अंकों से कम है। कोर्ट ने अभ्यर्थी को हुई मानसिक परेशानी और उत्तरपुस्तिका प्राप्त करने से लेकर मुकदमा लड़ने तक हुए खर्च को ध्यान में रखते हुए 50 हजार रुपये मुआवजा देने का आदेश दिया। हाईकोर्ट ने पीएससी के परीक्षक और संबंधित अधिकारी को निर्देश दिया कि तीन महीने के भीतर यह राशि अदा की जाए।



## संपादकीय

# जीत के लिए झुकें

### यूपी में विपक्ष का सीट बंटवारा

जैसे-जैसे उत्तर प्रदेश साल 2027 के आरंभ में होने वाले चुनाव की ओर बढ़ रहा है, विपक्ष के भीतर सीटों के बंटवारे पर वही पुरानी खींच-तान शुरू हो गयी है। लोकसभा चुनाव के दौरान समाजवादी पार्टी और कांग्रेस के बीच एक समझदारी बनी थी, जिससे राज्य की सीटों का अच्छा खासा हिस्सा उनकी झोली में आया था। लेकिन बताया जा रहा है कि कांग्रेस अब 181 सीटें मांग रही है, जो कुल 403 विधानसभा क्षेत्रों का तकरीबन 45 फीसदी है। यह उस दुविधा का ताजातरीन उदाहरण है, जिससे कांग्रेस गुजर रही है। खासकर, उन राज्यों में जहां वह हाशिए पर पहुंच चुकी है और अपना पुनरुत्थान चाहती है: कैसे भारतीय जनता पार्टी के खिलाफ गठबंधन को कमजोर किए बिना, अपने अपेक्षाकृत मजबूत सहयोगियों से अपने लिए फायदेमंद सौदेबाजी की जाए। यह देखते हुए कि भाजपा - जो अब भी दलीय व्यवस्था में दबदबे की स्थिति में है के खिलाफ असंतोष बढ़ रहा है, विपक्ष को परिस्थितियां अपने अनुकूल लग रही हैं और इसके प्रमुख दल इस बात पर सहमत हैं कि भाजपा का मुकाबला करने का इकलौता तरीका एक ऐसा शक्तिशाली गठबंधन बनाना है, जिसका एक प्रबल और एकजुट संदेश हो। लेकिन हिंदी पट्टी और उन राज्यों में, जहां कभी कांग्रेस का बोलबाला हुआ करता था, खुद को दोबारा खड़ा करने की उसकी कोशिशों से गठबंधन की एकता दबावग्रस्त हो गयी है। बिहार में, महागठबंधन जनता दल (यूनाइटेड)-भाजपा गठबंधन के खिलाफ सत्ता-विरोधी लहर की फसल काटने में नाकाम रहा, आंशिक रूप से इसलिए कि वह राष्ट्रीय जनता दल और कांग्रेस के पीछे मौजूद सामाजिक ताकतों का पूरा समर्थन नहीं जुटा सका और आंशिक रूप से इसलिए भी कि कांग्रेस ने सीट बंटवारे के निपटारे में इतना वक्त ले लिया कि चुनाव अभियान एकाकार नहीं हो पाये। तमिलनाडु में, कांग्रेस द्रविड़ मुनेत्र कड़गम (डीएमके) से और सीटों की मांग पर अड़ी रही और गठबंधन में देरी की, जबकि अंदरूनी कलह के कारण उसका चुनाव अभियान फीका रहा, जिसके चलते उसे, जिन सीटों पर वह लड़ी, सभी गठबंधन साझेदारों में सबसे कम वोट शेयर मिला।

> “ उन राज्यों में जहां वह हाशिए पर पहुंच चुकी है और अपना पुनरुत्थान चाहती है: कैसे भारतीय जनता पार्टी के खिलाफ गठबंधन को कमजोर किए बिना, अपने अपेक्षाकृत मजबूत सहयोगियों से अपने लिए फायदेमंद सौदेबाजी की जाए। यह देखते हुए कि भाजपा - जो अब भी दलीय व्यवस्था में दबदबे की स्थिति में है के खिलाफ असंतोष बढ़ रहा है, विपक्ष को परिस्थितियां अपने अनुकूल लग रही हैं और इसके प्रमुख दल इस बात पर सहमत हैं कि भाजपा का मुकाबला करने का इकलौता तरीका एक ऐसा शक्तिशाली गठबंधन बनाना है, जिसका एक प्रबल और एकजुट संदेश हो।

उत्तर प्रदेश में भी इसी रास्ते पर चलने की जरूरत नहीं है। दरअसल 181 सीटों की मांग उस पार्टी के लिए बहुत महत्वाकांक्षी है, जो साल 2022 में अपनी लड़ी 399 सीटों पर महज 2.33 फीसदी वोट पा सकी, जबकि सपा जिन 347 सीटों पर लड़ी उसमें से 111 पर जीत दर्ज की और 32 फीसदी वोट हासिल किये। कांग्रेस की यह बात वाजिब है कि तब से चीजें बदली हैं। साल 2024 में, सपा और कांग्रेस ने मिलकर उत्तर प्रदेश की 80 में से 43 लोकसभा सीटें जीतीं। उन्हें 43.2 फीसदी वोट शेयर मिला जो भाजपा-नीत गठबंधन के 43.7 फीसदी से थोड़ा ही कम था। कांग्रेस ने जिन 17 सीटों पर लड़ा, उनमें से वह केवल छह सीटें जीत पायी, लेकिन इन छह पर उसका वोट शेयर 44.2 फीसदी रहा, जो सपा के 43.4 फीसदी से थोड़ा ज्यादा था। पार्टी यह दलील भी दे सकती है कि युवाओं की चिंताओं और भारत के चुनावी लोकतंत्र की दशा पर उसके राष्ट्रीय अभियानों ने उसे ज्यादा मांगने लायक ताकत दी है। लेकिन एक सक्षम राज्यव्यापी संगठन का अभाव बताता है कि 181 बहुत ज्यादा है। सपा सबसे मजबूत विपक्षी पार्टी बनी हुई है और उसने स्थानीय गोलबंदियों के जरिए बहुसंख्यकवादी भाजपा से मुकाबला करने के लिए पिछड़े वर्गों, दलितों और अल्पसंख्यकों का एक नया सामाजिक गठबंधन तैयार किया है। साल 2024 वाला बंदोबस्त, जिसमें कांग्रेस ने एक बटा पांच सीटों पर चुनाव लड़ा था, एक ज्यादा मुनासिब मार्गदर्शक है। 100 के आसपास सुचयनित सीटों से चुनाव अभियान ज्यादा एकजुट बनेगा और सपा के साथ बेहतर प्रदर्शन देखने को मिलेगा।

# विश्व राजनीति में भारत की बुलंद आवाज थी इंदिरा गांधी

योगेश कुमार गोयल

**इंदिरा जी के स्कूली दिनों में एक दिन स्कूल में गांधी जी के आमरण अनशन को लेकर एक सभा का आयोजन था, जिसमें बच्चों को भी बोलने का अवसर दिया गया था। जब इंदिरा जी ने बोलना शुरू किया तो सभागार में सन्नाटा छा गया और सभी एकटक इंदिरा को निहारने लगे कि इतनी छोटी बालिका इतनी गूढ़ बातें कैसे कर रही है।**



पं. जवाहरलाल नेहरू के घर 19 नवम्बर 1917 को जब प्रियदर्शिनी नामक कन्या ने जन्म लिया था तो किसे पता था कि यही कन्या आगे चलकर न केवल इस देश की बागडोर संभालेगी बल्कि अपनी दबंगता से पूरी दुनिया में मिसाल बन जाएगी। ऑक्सफोर्ड और स्विट्जरलैंड में उच्च शिक्षा प्राप्ति के पश्चात् इंदिरा गांधी ने उच्च पद पर नौकरी करने या कोई अन्य कार्य करने के बजाय अपना जीवन देशसेवा में समर्पित करने का निश्चय किया। देशभक्ति की भावना इंदिरा जी में बचपन से ही कूट-कूटकर भरी थी। विदेशी वस्तुओं के बहिष्कार के आव्हान से प्रेरित होकर बचपन में ही इन्होंने अपने घर के बाहर अपने कीमती कपड़ों की होली जलाकर न केवल अपनी इसी भावना का परिचय दिया था बल्कि उसके बाद इंदिरा जी से प्रेरणा लेकर इस आन्दोलन ने पूरे देश में जोर पकड़ा था।

इंदिरा जी के स्कूली दिनों में एक दिन स्कूल में गांधी जी के आमरण अनशन को लेकर एक सभा का आयोजन था, जिसमें बच्चों को भी बोलने का अवसर दिया गया था। जब इंदिरा जी ने बोलना शुरू किया तो सभागार में सन्नाटा छा गया और सभी एकटक इंदिरा को निहारने लगे कि इतनी छोटी बालिका इतनी गूढ़ बातें कैसे कर रही है। उन्होंने कहा, ''आखिर स्वर्ण अपने ही दलित भाईयों को गिरा हुआ, छूत और निकृष्ट क्यों समझते हैं तथा उनके साथ दुर्व्यवहार और अत्याचार क्यों करते हैं? अगर हमने अपनी ही सेवा करने वालों का इस तरह से निरन्तर तिरस्कार न किया होता तो आज अंग्रेजों को इस प्रकार लाभ उठाने का अवसर न मिल रहा होता और न ही बापू को इस तरह से आमरण अनशन कर अपने प्राण दांव पर लगाने पड़ते।'' इंदिरा जी की इन गूढ़ और तर्कसम्मत बातों के समक्ष सभी नतमस्तक थे और उनकी सराहना कर रहे थे। इंदिरा में बचपन से ही एक अच्छी राजनेता होने के तमाम गुण विद्यमान थे। 21 वर्ष की आयु में वह कांग्रेस में शामिल होकर सक्रिय राजनीति में कूद पड़ी। उसके बाद उन्होंने आजादी के आन्दोलन में बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया।

1942 में उन्होंने फिरोज गांधी से प्रेम विवाह किया किन्तु 1960 में फिरोज गांधी का अकस्मात् निधन हो गया। पिता जवाहरलाल नेहरू के निधन के बाद देश की बागडोर संभालने की जिम्मेदारी इंदिरा के कंधों पर आई तो अपनी दृढ़ता, दबंगता, निडरता और वाकपटुता से उन्होंने दुनियाभर को अपना लोहा मानने को विवश कर दिया। अमेरिका और ब्रिटेन जैसे विकसित एवं प्रभावशाली देशों में भी उनकी तूती बोलती थी। 1966 से 1977 तक उन्होंने देश पर एकछत्र शासन किया और उनकी कार्यशैली तथा देश के प्रति उनका समर्पण भाव देखकर विरोधी भी उनकी सराहना किए बिना नहीं रह पाते थे। हालांकि लालबहादुर शास्त्री के बाद प्रधानमंत्री बनी इंदिरा को शुरूआती दौर में 'गूंगी गुड़िया' की उपाधि दी गई थी किन्तु बहुत ही कम समय में अपने साहसिक निर्णयों से इंदिरा ने साबित कर दिखाया था कि वो एक 'गूंगी गुड़िया' नहीं बल्कि 'लौह महिला' हैं।

बैंकों के राष्ट्रीयकरण तथा 1971 के भारत-पाक युद्ध में भारत की शानदार जीत के बाद इंदिरा जी जनमानस की आंखों का तारा बन गई थी किन्तु 1975-77 के आपातकाल ने उनकी छवि पर ग्रहण लगाने में प्रमुख भूमिका निभाई और उस दौर ने उनकी छवि एक तानाशाह के रूप में स्थापित कर दी। यही वजह रही कि 1977 में इंदिरा को पहली बार हार का सामना करना पड़ा और सत्ता उनके हाथ से छिन गई किन्तु निराश होना तो जैसे उन्होंने सीखा ही नहीं था, इसलिए 1980 में एक बार फिर विशाल बहुमत के साथ वह सत्ता में लौटी। अपने शासनकाल में उन्होंने कभी अलगाववादी व साम्प्रदायिक आग भड़काने वाले तत्वों को नहीं पनपने दिया। ऐसे तत्वों को उन्होंने बेदर्दी से कुचलने में जरा भी देर नहीं लगाई।

1980 में पुनः देश का शासन संभालने के बाद पंजाब में अलगाववादी ताकतों ने खालिस्तान की मांग शुरू की और दूसरे देशों की शह पर अपने नापाक इरादों को सफल बनाने के लिए सिख अलगाववादियों ने भयानक नरसंहार का दौर शुरू किया तथा पंजाब में अवैध रूप से हथियारों के जखीरे इकट्ठा करने शुरू कर दिए। देश की जांबाज, निडर एवं साहसी नेता इंदिरा को भला यह कैसे सहन होता, इसलिए जैसे ही उन्हें खबर मिली कि सिख अलगाववादियों ने अमृतसर के स्वर्ण मंदिर जैसी पाक जगह में भी हथियारों का विशाल जखीरा इकट्ठा किया है तो उन्हें देश की एकता और अखंडता कायम रखने तथा अलगाववादियों के मंसूबों पर पानी फेरने के लिए इस पवित्र धर्मस्थल के भीतर न चाहते हुए भी 'ऑपरेशन ब्लू स्टार' के तहत पुलिस भेजने का सख्त निर्णय लेना पड़ा। हालांकि उस वक्त स्वर्ण मंदिर के भीतर पुलिस बल भेजने के उनके फैसले की बहुत आलोचना हुई किन्तु जब स्वर्ण मंदिर से हथियारों का बहुत बड़ा जखीरा बरामद हुआ और धार्मिक स्थल की आड़ में चल रही इस राष्ट्र विरोधी साजिश का भंडाफोड़ हुआ तो उन्हीं लोगों ने इंदिरा जी की सराहना भी की। उसके बाद इंदिरा ने जिस दिलेरी और दृढ़ता के साथ अलगाववादियों को रौंदा, वह एक मिसाल बन गया लेकिन अलगाववादियों के विरूद्ध चलाए गए उनके इसी ऑपरेशन की वजह से ही वह उनकी हिट लिस्ट में सबसे ऊपर आ गई, जिन्होंने हर हाल में उनकी हत्या कर उन्हें अपने मार्ग से हटाने की ठान ली।

इंदिरा जी को स्वयं अपनी मौत का आभास पहले ही हो गया था लेकिन फिर भी वह अपने दृढ़ इरादों से टस से मस न हुई और अलगाववादियों के खिलाफ अपना अभियान पहले से भी तेज कर दिया। 30 अक्तूबर 1984 को भुवनेश्वर की एक विशाल जनसभा को संबोधित करते हुए इंदिरा ने अपनी हत्या का पूर्वाभास होने का स्पष्ट संकेत देते हुए कहा था, ''देश की सेवा करते हुए यदि मेरी जान भी चली जाए तो मुझे गर्व होगा। मुझे भरोसा है कि मेरे खून की एक-एक बूंद देश के विकास में योगदान देगी और देश को मजबूत एवं गतिशील बनाएगी।''

इंदिरा जी के इस भाषण के चंद घंटों बाद ही 31 अक्तूबर 1984 की सुबह करीब सवा नौ बजे उनके दो निजी अंगरक्षकों ने ही उन्हें उस वक्त गोलियों से छलनी कर दिया, जब वह अपने आवास से निकलकर विदेशी मीडिया को इंटरव्यू देने जा रही थी। उस हत्याकांड से जहां पूरे देश में शोक की लहर छा गई, वहीं दूसरी ओर इंदिरा जी का शहीदी रक्त रंग लाया और इस नृशंस हत्याकांड के बाद सिख अलगाववादियों को मदद मिलनी बंद हो गई तथा इंदिरा जी की शहादत के साथ ही खालिस्तान की मांग भी गहरे दफन हो गई। इंदिरा जी अक्सर कहा करती थी कि उन कायरों और बुजदिलों पर मातम करो, जो दुनिया के जुल्मों से घबराकर इस तरह आंखें बंद कर लेते हैं, जैसे कि कुछ हुआ ही न हो।

**(इस लेख में लेखक के अपने विचार हैं।)**

# खतरा बाहर से कम है, अगर आपके 'कैरेक्टर' में दम है!


रश्मि बंसल

कल्पना करें कि दुनिया से दूर, पहाड़ों में, एक पैर पर खड़े एक आदमी तपस्या कर रहा है। उसकी शक्ति बढ़ती जा रही है, लगता है अब कोई नहीं रोक सकता। ऐसे में, उसकी तपस्या भंग करने एक अप्सरा आती है।

कई दिन तक तपस्वी टस से मस नहीं होता, लेकिन एक दिन उसका मन ललचा जाता है। धीरे से एक आंख खोलता है, और बस, अप्सरा का तीर निशाने पे। सालों की तपस्या बर्बाद, तपस्वी फिर से बन गया आम इंसान।

यह कोई पौराणिक कथा नहीं, हाल ही में अमेरिका की सबसे शक्तिशाली कंपनी के मालिक के साथ यही हुआ है। आप कहेंगे वो कौन-से पहाड़ पर चढ़कर तपस्या कर रहे थे। तो मेरा मानना यह है कि अपना स्टार्टअप शुरू करना एक तरह की तपस्या ही है।

दुनिया एक रास्ते पर, आप अलग रास्ते पर। इंसान के सिर पर इतनी जिम्मेदारियां कि उन्हें बैलेंस करना एक पैर पर खड़े रहने का एहसास दिलाता है। बहुत संघर्ष करना पड़ता है, दुनिया से, और अपने आप से भी। तब जाकर सफलता मिलती है। और फिर आती है लुभाने वाली अप्सरा! 33 साल की तपस्या से जेन्सेन हुआंग ने एक ऐसी कंपनी बनाई, जिसके बल पर पूरी एआई रिवॉल्यूशन टिकी हुई है। लेकिन शायद वो भूल गए कि जिसे भगवान शक्ति का वरदान देता है, उसके सामने एक अप्सरा भी प्रकट होगी!



जेन्सेन फिसल गए और उनकी दुनिया बदल गई। कंपनी हाथ से गई और इज्जत भी। लोग उन्हीं के एआई का इस्तेमाल करके उन्हीं का मजाक उड़ा रहे हैं, मीम्स बना-बना कर! आदमी सर छुपाए तो कहां, पत्नी और बच्चों ने भी अब शायद मुंह मोड़ लिया है।

खैर, मेरा कहने का मतलब यह है कि कोई कितना भी धनवान हो, शक्तिशाली हो, पर सृष्टि का नियम है- उसकी भी परीक्षा होगी! निर्णय वो लेता है कि तपस्या में लीन रहूं या आंख खोल दूं। आंख खोलने के बाद भी मौका है कि जो मुझे लुभा रहा है उसे नजरअंदाज कर दूं। अंदरूनी शक्ति इसको ही कहते हैं।

लेकिन जो एक बार फिसल गए, तो फिर आप बाहर की दुनिया को धोखा देते रहो, वो शक्ति अब आपके पास नहीं। शत्रु सूंघ लेता है आपकी कमजोरी, और एक दिन आप पर ऐसा जबरदस्त हमला होता है, जिससे आप बुरी तरह घायल। क्योंकि इस युद्ध में सिर्फसच्चाई का कवच ही आपकी रक्षा कर सकता है, और वो तो आपने पहले ही त्याग दी!

जेन्सेन की कहानी में एक नहीं, अनेक 'अप्सराओं' का पता चला है। पर जरूरी नहीं कि लुभाने वाला कोई जीती-जागती मोहित करने वाली महिला ही हो। मन के अनेक लालच हैं, धन के अनेक लालच हैं। सब 'अप्सरा' के रूप हैं, यानी तपस्या भंग करने के साधन।

आप कहेंगे, मैं तो वैसे भी आम इंसान हूं, मुझे इस सब से क्या लेना-देना? तो मैं कहूंगी कि जो कोई इस पृथ्वी पर मनुष्य-रूप में पैदा हुआ है, वो यहां तप करने ही आया है। एक तरफ कुआं, एक तरफ खाई, लगे रहो मुन्नाभाई। आपको भी चूज करना है, अगर महफूज रहना है।

अप्सरा आती है, दिल लुभाती है। फोन ने फिर पिंग किया, ध्यान आपका भंग किया। शादी के बाद डेटिंग कर रहे हैं, दुनिया की नजर से डर रहे हैं। बैंक बैलेंस से बड़ा होता है कैरेक्टर। नहीं तो आप क्या हैं, सिर्फ एक एक्टर?

पुराणों में कहा है कि कड़ी तपस्या, बनती थी देवलोक की समस्या। देवलोक डगमगा जाता था, इंद्र सकपका जाता था। आज भी किसी की तरक्की देखकर लोग हिल जाते हैं, उसे गिरते देख खिल जाते हैं। लेकिन याद रहे खतरा बाहर से कम है, अगर आपके कैरेक्टर में दम है!

अप्सरा आएगी, उसे घास न दो। आने अपने पास न दो। वो थक जाएगी, हो जाएगी हताश। करेगी किसी और तपस्वी की तलाश!

**(ये लेखिका के अपने विचार हैं)**

# साफ हवा मिले तो सालाना बचे 90 लाख से भी अधिक जिंदगियां

डॉ. राजेन्द्र प्रसाद शर्मा

**विश्व स्वास्थ्य संगठन के अनुसार वायु की गुणवत्ता 2.5 पीएम के स्तर पर होनी चाहिए। स्वास्थ्य के लिए वायु गुणवत्ता सूचकांक 0 से 50 तक को बेहतरीन माना गया है तो 51 से 100 तक भी संतोषजनक की श्रेणी में माना जा सकता है। पर इससे अधिक और खासतौर से 300 से अधिक एक्यूआई अत्यधिक खतरनाक स्थिति माना गया है।**

बात थोड़ी अतिशयोक्तिपूर्ण अवष्य लगती है पर यदि कैम्ब्रिज विश्वविद्यालय के हालिया अध्ययन की ही माने तो केवल शुद्ध हवा मिलने लगे तो साल भर में देश-दुनिया में 90 लाख से अधिक जिंदगियों को बचाया जा सकता है। इसमें कोई दो राय नहीं कि आज दुनिया भर के देश जलवायु परिवर्तन, वायु प्रदूषण से अत्यधिक चिंताग्रस्त है। इसका कारण भी है और वह यह कि आज प्रकृति की विकृति से सबसे अधिक प्रभावित हो रहे है। बेमौसम बरसात, आंधी-तूफान, जंगलों में दावानल, समुद्र में आए दिन तूफान, सुनामी और भू स्खलन से लेकर भूकंप की फ्रिक्वेंसी बढ़ी है। तापमान में बढ़ोतरी, ग्लेसियरों के पिघलने की गति में तेजी आई है तो समुद्र के जलस्तर में भी बढ़ोतरी होने लगी है। सर्दी तो दूर आए दिन वायु गुणवत्ता में कमी, धुंध और कोहरा आम है तो दुनिया के बड़े शहरों में ग्रेप पाबंदिया तक लगाने को बाध्य होना पड़ रहा है। जनजीवन ही नहीं स्वास्थ्य तक प्रभावित हो रहा है। जलवायु परिवर्तन की समस्या को लेकर जब दिसंबर 2015 में पेरिस में दुनिया के देषों की कोप 21 के दौरान ऐतिहासिक अंतरराष्ट्रीय संधी की रुपरेखा तय हुई और 4 नवंबर, 2016 को जलवायु परिवर्तन को लेकर चिंतित दुनिया के देशों ने पेरिस समझौते पर क्रियान्वयन की दिशा में कदम बढ़ाये तो समूची दुनिया में आशा का संचार हुआ है। आज पेरिस समझौते को दस साल पूरे हो चुके हैं और ओजोन परत के मामलें में तो दुनिया के देशों ने एक तरह से सफलता प्राप्त कर ली है। इस समय तुर्किया के अंताल्या में दुनिया के देशों के प्रतिनिधि जुटे हैं तो दूसरी और यह दूसरा मौका है जब अमेरिका ने इस सम्मेलन से किनारा किया है। यह महज संयोग ही नहीं है अपितु अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प की हठधर्मिता ही मानी जानी चाहिए की ग्रीन हाउस गैसों के उत्सर्जन में चीन के साथ प्रमुख देश होने के बावजूद अमेरिका ने पेरिस समझौते से किनारा कर लिया है। ट्रम्प ने अपने पहले कार्यकाल 2020 में भी अमेरिकी अर्थव्यवस्था और उद्योगों पर अनावश्यक बोझ बताते हुए किनारा किया और 2021 में जो बाइडेन ने राष्ट्रपति पद संभालने के बाद 2021 में शामिल होने की घोषणा की पर ट्रम्प ने दूसरे कार्यकाल में 2026 में एक बार फिर किनारा कर लिया है। हांलाकि यह अमेरिका का गैर जिम्मेदारान कदम है और दुनिया के देषों को एकजुट होकर आवाज उठानी चाहिए। क्योंकि जलवायु परिवर्तन के दुष्प्रभावों से सारी दुनिया प्रभावित हो रही है। अकेले सांस लेने के लिए शुद्ध हवा की ही बात करें तो सालाना 90-92 लाख लोगों को मौत के मुंह में जाने से बचाया जा सकता है।



विश्व स्वास्थ्य संगठन के अनुसार वायु की गुणवत्ता 2.5 पीएम के स्तर पर होनी चाहिए। स्वास्थ्य के लिए वायु गुणवत्ता सूचकांक 0 से 50 तक को बेहतरीन माना गया है तो 51 से 100 तक भी संतोषजनक की श्रेणी में माना जा सकता है। पर इससे अधिक और खासतौर से 300 से अधिक एक्यूआई अत्यधिक खतरनाक स्थिति माना गया है। आज हवा के जहरीली होने के कारण सबसे अधिक बच्चों और बुजुर्गों को दो चार होना पड़ता है। प्रदूषित हवा के चलते फेफडें, हृदय, स्ट्रोक और डिमेंशिया की बीमारी का विस्तार हो रहा है। अरबों रुपए इन बीमारियों के ईलाज में खर्च हो रहे हैं तो लाखों जाने प्रतिवर्ष इनके कारण जा रही है। यदि भारत की ही बात करें तो स्वास्थ्यकर मानकों के अनुकूल गुणवत्तायुक्त सांस लेने के हवा नहीं मिलने के कारण सालाना 6 से 8 लाख लोग फेफड़ो की बीमारी की गिरफ्त में आ जाते हैं तो 15 से 20 लाख तक हृदय रोग से ग्रसित हो जाते हैं।

स्ट्रोक से प्रभावित होने वालों की संख्या भी कम नहीं है और करीब 5 से 6 लाख लोग स्ट्रोक के अटेक से ग्रसित हो जाते हैं। यहां तक कि ढ़ाई से तीन लाख लोग डिमेंशिया के शिकार हो जाते हैं। यह हालात अपने आपमें चिंताजनक है। दुनियाभर की मानें तो एक करोड़ से भी अधिक लोग केवल वायु प्रदूषण जनित रोगों से काल के मुंह में समा जाते हैं। केवल दवा आदि में ही अरबों डालर रुपए खर्च हो जाते हैं। ऐसे में यदि वायु प्रदूषण को नियंत्रित करके 2.5 पीएम स्तर पर लाने के ठोस प्रयास किये जाएं तो अरबों डॉलर ही नहीं अपितु लाखों जिंदगानी को बचाया जा सकता है। साफ हवा होगी तो जान लेवा बीमारियों से बचा जा सकेगा। स्वास्थ्य और देखभाल में होने वाले खर्चे को इकोनोमी को बूस्ट करने में काम में लिया जा सकेगा। अरबों रुपयों की बचत होगी तो अर्थव्यवस्था को बूम मिलेगा।

दरअसल वायु प्रदूषण का प्रमुख कारण जैविक उर्जा साधन है। कारखानों व ईंधन के रुप में उपयोग होने वाली जैविक इंर्धन वायु को सर्वाधिक प्रदूषित कर रहा है। हांलाकि पराली, पटाखों और अन्य कारकों भी कारण माना जा रहा है। पॉवर सेक्टर, कृषि, उद्योग, प्राकृतिक घटनाओं व अन्य कारणों के साथ ही परिवहन यानी कि यातायात के साधनों में उपयोग होने वाला डीजल-पेट्रोल और निर्माण कार्यों और कचरा अपशिष्ट से वायु प्रदूषण फैल रहा है। हांलाकि रिन्यूवल एनर्जी और ई व्हीकल के क्षेत्र में तेजी से विस्तार हो रहा है पर अभी भी पॉवर सेक्टर, परिवहन वाहनो आदि में जैविक ईंधन की निर्भरता बहुत अधिक और चिंतनीय स्तर पर है।

समय रहते इसमें सुधार आवश्यक है और इस दिषा में दुनिया के देशों को तेजी से योजनाबद्ध तरीके से काम करना होगा। क्योंकि कैम्ब्रिज विश्वविद्यालय का यह अध्ययन केवल कुछ देशों या क्षेत्रों तक सीमित ना होकर दुनिया के 136 देशों के अध्ययन का परिणाम है और इसके नतीजे ना केवल दुनिया को चेताने वाले हैं अपितु समय रहते ठोस प्रयास करने की साफ साफ चेतावनी भी है।

**(इस लेख में लेखक के अपने विचार हैं।)**

ITR फाइल 500/-
Whatsapp पर बनवाएँ
Income Tax फाइल, GST रजिस्ट्रेशन, TDS रिफंड, प्रोजेक्ट रिपोर्ट
CMA DATA, MSME, BALANCE SHEET, फूड लाइसेंस
हमारे Tax Expert आपकी मदद हेतु तैयार है।
www.onlytds.com
सम्पर्क - शेखर गुप्ता 9300755544 - 8878655544

# श्रीकंचनपथ
भिलाई-दुर्ग

प्रिंट और डीजिटल मीडिया में
सभी प्रकार के विज्ञापन
के लिए
संपर्क करे
Mob.-:
9303289950
7987166110



## प्रमुख खबरें

### दुर्ग में पं. युवराज पाण्डेय जी की कथा 29 नवंबर से

**दुर्ग।** दुर्ग शहर के बैगापारा मिनी स्टेडियम में आगामी 29 नवंबर से 5 दिसंबर तक सात दिवसीय श्रीमद्भागवत कथा का भव्य आयोजन किया जा रहा है। शीतला सेवा समिति के सहयोग से आयोजित इस धार्मिक अनुष्ठान में पूज्य पं. युवराज पाण्डेय जी के श्रीमुख से श्रद्धालुओं को श्रीमद्भागवत कथा का रसपान करने का सौभाग्य प्राप्त होगा। आयोजन की तैयारियों के क्रम में आज कैबिनेट मंत्री गजेन्द्र यादव ने विधि-विधान से कथा स्थल का भूमिपूजन कर आयोजन की सफलता एवं निर्विघ्न संपन्नता के लिए शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर केबिनेट मंत्री गजेन्द्र यादव ने आयोजन स्थल का निरीक्षण कर श्रद्धालुओं की सुविधा, बैठक व्यवस्था, पार्किंग, यातायात एवं सुरक्षा सहित आवश्यक व्यवस्थाओं का जायजा लिये। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को आयोजन के दौरान श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की असुविधा न हो, इसके लिए समुचित व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। इसके पश्चात मंत्री श्री यादव ने आयोजन समिति के सदस्यों के साथ बैगापारा एवं बघेरा में श्रीमद्भागवत कथा के आयोजन के लिए बनाए गए कार्यालयों का विधिवत उद्घाटन किये। उन्होंने आयोजन की तैयारियों एवं जनसहभागिता को लेकर समिति के सदस्यों से चर्चा भी की।

### नवजात बेटियों की माताओं को भेंट किए पौधे

**दुर्ग।** स्व. पांडुरंग रामाराव जिला चिकित्सालय के अंतर्गत संचालित मातृत्व एवं शिशु विभाग में 'एक पौधा बेटी के नाम' अभियान के तहत विशेष आयोजन किया गया। विभाग के तृतीय तल पर आयोजित इस कार्यक्रम में 15 नवजात बच्चियों की माताओं को पौधे भेंट कर बेटियों के सम्मान और पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया गया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य समाज में बेटियों के प्रति सकारात्मक सोच विकसित करना, उनके सम्मान एवं महत्व के प्रति जागरूकता बढ़ाना तथा रूढ़िवादी मानसिकता को समाप्त करने का संदेश देना है। इसके साथ ही पौधों के माध्यम से लोगों को पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूक और प्रेरित करना भी अभियान का प्रमुख उद्देश्य है। ज्ञातव्य है कि 'एक पौधा बेटी के नाम' अभियान विगत कई महीनों से जीवन दीप समिति के आजीवन सदस्य एवं श्री सत्य साईं सेवा समिति के जिला चिकित्सा सेवा प्रभारी दिलीप ठाकुर द्वारा निरंतर संचालित किया जा रहा है। अभियान के माध्यम से नवजात बेटियों के जन्म को उत्सव के रूप में मनाने और उनके उज्ज्वल भविष्य के साथ प्रकृति संरक्षण का संदेश दिया जा रहा है। इस अवसर पर वक्ताओं ने कहा कि वर्तमान समय में बेटियां शिक्षा, खेल, कला, विज्ञान, समाजसेवा सहित विभिन्न क्षेत्रों में उल्लेखनीय योगदान दे रही हैं। बेटियां किसी भी क्षेत्र में पीछे नहीं हैं। ऐसे में समाज को बेटियों के प्रति समानता, सम्मान और सकारात्मक दृष्टिकोण अपनाने की आवश्यकता है।

# न्यायिक व्यवस्था के डिजिटल सशक्तीकरण की दिशा में दुर्ग की एक और महत्वपूर्ण पहल

श्रीकंचनपथ न्यूज

**प्रधान जिला एवं सत्र न्यायालय, दुर्ग में पेपरलेस कोर्ट का शुभारंभ**

**दुर्ग।** माननीय छत्तीसगढ़ उच्च न्यायालय, बिलासपुर के निर्देशानुसार प्रधान जिला एवं सत्र न्यायालय, दुर्ग में पेपरलेस कोर्ट का शुभारंभ किया गया।

न्यायिक कार्यप्रणाली को आधुनिक, तकनीक आधारित, पारदर्शी एवं अधिक सुगम बनाने की दिशा में इसे एक महत्वपूर्ण उपलब्धि के रूप में देखा जा रहा है। पेपरलेस कोर्ट की शुरुआत से न्यायालयीन कार्यों में डिजिटल तकनीक के प्रभावी उपयोग को बढ़ावा मिलेगा। इससे कागजी दस्तावेजों पर निर्भरता कम करने, न्यायिक अभिलेखों के डिजिटल प्रबंधन तथा न्यायिक कार्यों को अधिक सुव्यवस्थित एवं दक्ष बनाने में सहायता मिलेगी। उल्लेखनीय है कि दुर्ग जिले में न्यायिक व्यवस्था के डिजिटल सशक्तीकरण की दिशा में पूर्व से ही विभिन्न तकनीकी पहलों को प्रभावी रूप से आगे बढ़ाया जा रहा है। आपराधिक प्रकरणों में डिजिटल साक्ष्यों के संकलन, प्रस्तुतीकरण एवं प्रबंधन को अधिक व्यवस्थित बनाने के उद्देश्य से ई-साक्ष्य के उपयोग को प्रोत्साहित किया जा रहा है। इसी प्रकार, ई-समन्स प्रणाली के माध्यम से समन्स की इलेक्ट्रॉनिक तामिली एवं न्यायालयीन प्रक्रिया को अधिक त्वरित, सुगम और प्रभावी बनाने की दिशा में कार्य किया जा रहा है। पेपरलेस कोर्ट की शुरुआत इन डिजिटल पहलों को एक नई दिशा एवं गति प्रदान करेगी। पेपरलेस कोर्ट, ई-साक्ष्य एवं ई-समन्स जैसी तकनीकी पहलें न्यायिक व्यवस्था को पारंपरिक कागजी कार्यप्रणाली से आधुनिक डिजिटल प्रणाली की ओर अग्रसर कर रही हैं। इन प्रयासों से न केवल न्यायालयीन कार्यों में समय एवं संसाधनों की बचत होगी, बल्कि न्यायिक प्रक्रियाओं की दक्षता, अभिलेखों के प्रबंधन तथा कार्यों के प्रभावी निष्पादन में भी सकारात्मक परिणाम प्राप्त होंगे। इस महत्वपूर्ण पहल से न्यायिक जगत, अधिवक्ताओं एवं पक्षकारों के मध्य विशेष उत्साह का वातावरण है। दुर्ग जिले की न्यायिक व्यवस्था तकनीकी नवाचारों को अपनाते हुए आधुनिक एवं डिजिटल न्याय प्रणाली के निर्माण की दिशा में निरंतर अग्रसर है।

**रावघाट खदान द्वारा तीन दिवसीय जनजातीय गौरव दिवस समारोह आयोजित**

# खोड़गांव, भैया साल्हेभाट एवं अंतागढ़ में जन जातीय संस्कृति एवं परंपराओं का सम्मान

श्रीकंचनपथ न्यूज

भिलाई। सेल-भिलाई इस्पात संयंत्र के रावघाट खदान द्वारा बिरसा मुंडा की जयंती के उपलक्ष्य में तीन दिवसीय जनजातीय गौरव दिवस समारोह का आयोजन किया गया। इस आयोजन के माध्यम से जनजातीय समाज के गौरवशाली इतिहास, समृद्ध संस्कृति, पारंपरिक विरासत तथा स्वतंत्रता संग्राम में उनके योगदान को स्मरण किया गया। इस अवसर पर ग्राम खोड़गांव, ग्राम भैया साल्हेभाट एवं डीएवी स्कूल, अंतागढ़ में विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए गए।




तीन दिवसीय आयोजन की शुरुआत ग्राम खोड़गांव में आयोजित कार्यक्रम से हुई। ग्राम भैया साल्हेभाट में आयोजित कार्यक्रम में जनपद सदस्य सुश्री धनेश्वरी भट्टी मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहीं। इस अवसर पर ग्राम के सरपंच प्यारे लाल उसेंडी, सोमनाथ उसेंडी, सुंदरू कुमेटी एवं बंशीलाल दुग्गा सहित आसपास के 37 गांवों के गायता, पटेल, पुजारी एवं सरपंचगण, बड़ी संख्या में ग्रामीण, स्कूली बच्चे तथा भिलाई इस्पात संयंत्र के अधिकारी व कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

कार्यक्रम का शुभारंभ बिरसा मुंडा के छायाचित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन के साथ हुआ। स्कूली छात्राओं ने स्वागत गीत एवं जनजातीय लोक संस्कृति पर आधारित आकर्षक नृत्य प्रस्तुत किए। उप महाप्रबंधक (रावघाट खदान) डॉ. यशवंत कुमार साहू ने स्वागत उद्बोधन दिया। मुख्य अतिथि सुश्री धनेश्वरी भट्टी ने आयोजन की सराहना करते हुए ऐसे कार्यक्रम प्रतिवर्ष आयोजित किए जाने की आवश्यकता बताई।

वहीं, सहायक महाप्रबंधक (रावघाट खदान) श्री उपेंद्र कुमार सिंह ने बिरसा मुंडा के संघर्षपूर्ण जीवन तथा जनजातीय समाज के अधिकारों के लिए उनके योगदान पर प्रकाश डाला। इस अवसर पर 37 गांवों से आए पारंपरिक ग्राम प्रमुखों एवं रावघाट खदान में कार्यरत जनजातीय कर्मचारियों को सम्मानित किया गया। अंत में उप महाप्रबंधक (रावघाट खदान) सचिन रंगारी ने आभार व्यक्त किया। श्रम कल्याण अधिकारी दौलतराम पोयाम ने कार्यक्रम का संचालन किया।

तीन दिवसीय आयोजन की अंतिम कड़ी में डीएवी स्कूल, अंतागढ़ में आयोजित समारोह में स्थानीय विधायक विक्रम उसेंडी मुख्य अतिथि तथा नगर पंचायत अंतागढ़ के अध्यक्ष राधेलाल नाग विशेष अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ छत्तीसगढ़ के राजकीय गीत, दीप प्रज्वलन एवं बिरसा मुंडा के छायाचित्र पर माल्यार्पण के साथ हुआ। विद्यालय के प्राचार्य श्री जी.के. साहू ने स्वागत उद्बोधन दिया। विद्यार्थियों ने जनजातीय संस्कृति एवं लोक परंपराओं पर आधारित गीत-संगीत और नृत्य की मनमोहक प्रस्तुतियां दीं।

मुख्य अतिथि विधायक श्री विक्रम उसेंडी ने विद्यार्थियों की सांस्कृतिक प्रस्तुतियों की सराहना की। उन्होंने भिलाई इस्पात संयंत्र द्वारा निगमित सामाजिक उत्तरदायित्व (सीएसआर) के अंतर्गत विद्यालय के संचालन एवं क्षेत्र में शिक्षा के प्रसार के लिए किए जा रहे प्रयासों की प्रशंसा की। उन्होंने विद्यार्थियों से बिरसा मुंडा के जीवन एवं आदर्शों से प्रेरणा लेने का आग्रह किया। नगर पंचायत अंतागढ़ के अध्यक्ष राधेलाल नाग एवं भिलाई इस्पात संयंत्र के सहायक महाप्रबंधक उपेंद्र कुमार सिंह ने भी जनजातीय संस्कृति, अस्मिता एवं परंपराओं के संरक्षण के महत्व पर अपने विचार रखे। इस अवसर पर अतिथियों, सांस्कृतिक प्रस्तुतियां देने वाले विद्यार्थियों, शिक्षकों तथा संयंत्र में कार्यरत जनजातीय कर्मचारियों को सम्मानित किया गया।

# भिलाई की सड़कों पर जल्द दौड़ेंगी इलेक्ट्रिक बसें



श्रीकंचनपथ न्यूज

**दुर्ग।** छत्तीसगढ़ शासन द्वारा नागरिकों को सस्ती, सुलभ एवं सुगम यातायात सुविधा उपलब्ध कराने के उद्देश्य से प्रदेश में ई-बस सेवा प्रारंभ की जा रही है। इसी कड़ी में नगर पालिक निगम भिलाई को कुल 50 इलेक्ट्रिक बसों के संचालन की स्वीकृति प्राप्त हुई है। शासन के निर्देशानुसार प्रथम चरण में 20 ई-बसों को सड़कों पर संचालित करने की तैयारी की जा रही है। इसके लिए निगम द्वारा विभिन्न मार्गों का रूट चार्ट भी तैयार कर लिया गया है। ई-बस सेवा प्रारंभ करने की दिशा में आज नगर पालिक निगम भिलाई को ट्रायल के लिए एक इलेक्ट्रिक बस उपलब्ध कराई गई, जिसका कलेक्टर अभिजीत सिंह ने आज बस स्टैंण्ड में अवलोकन किया।

इस दौरान अधिकारी-कर्मचारियों ने ई.बस में सवार होकर नेहरू नगर चौंक, सूर्या माल, शंकराचार्य कालेज, धमधा रोड, ग्रीन चौंक, दुर्ग रेल्वे स्टेशन, दुर्ग बस स्टेण्ड, राजेन्द्र प्रसाद चौंक, थगड़ा बांध, पंथी चौंक होते हुए रिसाली तक ट्रायल किया गया। यह ट्रायल ई-बस सेवा के सुचारू संचालन की तैयारियों का महत्वपूर्ण हिस्सा है। ई-बस सेवा शुरू होने से भिलाई एवं आसपास के क्षेत्रों के नागरिकों को आवागमन के लिए एक बेहतर परिवहन सुविधा मिल सकेगी। विशेष रूप से नौकरीपेशा लोगों, विद्यार्थियों, वरिष्ठ नागरिकों एवं आम यात्रियों को इसका लाभ मिलेगा। इलेक्ट्रिक बसें होने के कारण पर्यावरण प्रदूषण में कमी लाने के साथ ही शहर में स्वच्छ एवं हरित परिवहन व्यवस्था को बढ़ावा मिलेगा।

# रिसाली के 39 लोगों को मिला अपना घर, विधायक ललित और महापौर शशि ने दी बधाई




श्रीकंचनपथ न्यूज

**रिसाली।** दुर्ग ग्रामीण विधायक ललित चंद्राकर और रिसाली महापौर शशि सिन्हा की उपस्थिति में 39 लोगों को प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत मकान आवंटन किया गया। हितग्राहियों ने लाटरी निकालकर स्वयं के मकान का सपना पूरा किया। हितग्राही जानकी निषाद ने अपनी पुत्री मिशा से व सीमा धूरा ने अपनी 4 वर्षीय पुत्री तृषा से लाटरी पर्ची को निकलवाया।

मोर मकान मोर आस किराएदारी घटक अंतर्गत नगर पालिका निगम रिसाली मे लॉटरी पद्धति से कुल 39 लोगों को आवास आबंटन किया गया।

लक्ष्मी नगर 36 यूनिट रिसाली में 4 और प्रदीप्ति नगर 348 यूनिट रिसाली में 35 हितग्राहियों को मकान दिया गया। सबसे पहले एक वरिष्ठ नागरिक को भूतल मे लाटरी पद्धति से आबंटन किया गया । प्रक्रिया को पारदर्शी करने सबसे पहले नियमों की जानकारी दी गई । इस अवसर पर विधायक ललित चंद्राकर दुर्ग ग्रामीण, रिसाली महापौर शशि सिन्हा, नेता प्रतिपक्ष शैलेन्द्र साहू, एम आई सी जमुना ठाकुर, मंडल अध्यक्ष राजू जंघेल, अनुपम साहू, आयुक्त मोनिका वर्मा, नोडल अधिकारी अखिलेश गुप्ता आदि उपस्थित थे।

# दुर्ग कलेक्टर ने वाहन चालकों की चार प्रमुख मांगों पर दिया सकारात्मक आश्वासन

श्रीकंचनपथ न्यूज

दुर्ग। छत्तीसगढ़ प्रदेश शासकीय/अर्धशासकीय वाहन चालक एवं यांत्रिकी कर्मचारी संघ, जिला शाखा दुर्ग के प्रतिनिधिमंडल ने आज जिला कलेक्टर को चार सूत्रीय मांगों को लेकर ज्ञापन सौंपा। कलेक्टर ने संघ की सभी मांगों को गंभीरतापूर्वक सुना और उनके निराकरण को लेकर सकारात्मक आश्वासन दिया।



संघ के अध्यक्ष दुनेश दास मानिकपुरी ने कलेक्टर के सकारात्मक रुख के लिए हृदय से आभार व्यक्त किया। उन्होंने उम्मीद जताई कि प्रशासन के आश्वासन से वाहन चालकों की वर्षों पुरानी समस्याओं का समाधान हो सकेगा। संघ की प्रमुख चार मांगें इस प्रकार हैं—

1. कलेक्टोरेट परिसर में वाहन चालकों के लिए अलग से कक्ष आवंटित किया जाए।

2. परामर्शदात्री बैठक में वाहन चालक संघ को अनिवार्य रूप से शामिल किया जाए।

3. प्रशस्ति प्रमाण पत्र की सूची में योग्य एवं कर्तव्यनिष्ठ वाहन चालकों को भी स्थान दिया जाए।

4. शासकीय आवास आवंटन में वाहन चालकों को 25 प्रतिशत आरक्षण दिया जाए।

ज्ञापन सौंपने के दौरान संघ के प्रांतीय प्रचार सचिव छबिलाल सिन्हा, अध्यक्ष टुनेश दास मानिकपुरी, वरिष्ठ उपाध्यक्ष बाबुलाल ध्रुव, महामंत्री पूनमचंद साहू, सचिव योगेश कुमार, प्रचार सचिव दिनेश कुमार साहू, संयुक्त सचिव मनसुख साहू, सह सचिव हरिशंकर झा, सह प्रचार सचिव राकेश सिंह राजपूत सहित वरिष्ठ सदस्य भानुप्रताप मेश्राम, अरुण मालेकर एवं खिलेन्द्र राजपूत उपस्थित रहे। कलेक्टर के सकारात्मक आश्वासन के बाद संघ के पदाधिकारियों एवं जिले के वाहन चालकों में खुशी का माहौल है। अब सभी को इन मांगों पर प्रशासन की आगामी कार्रवाई का इंतजार है।

# छत्तीसगढ़ राज्य स्तरीय जूनियर बालिका खो-खो टीम के चयन हेतु ट्रायल आयोजित

श्रीकंचनपथ न्यूज

**खेलो इंडिया प्रतियोगिता के लिए 15 मुख्य एवं 5 स्टैंडबाय खिलाड़ियों का चयन**



**भिलाई।** सेल-भिलाई इस्पात संयंत्र के बीएसपी खो-खो क्लब, सेक्टर-4, भिलाई में छत्तीसगढ़ राज्य स्तरीय जूनियर बालिका खो-खो टीम के चयन हेतु ट्रायल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसके माध्यम से 15 मुख्य खिलाड़ियों एवं 5 स्टैंडबाय खिलाड़ियों का चयन किया गया। संचालनालय खेल एवं युवा कल्याण विभाग, छत्तीसगढ़ शासन तथा छत्तीसगढ़ एमेच्योर खो-खो संघ के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित इस चयन प्रक्रिया में राज्य के विभिन्न जिलों से आई खिलाड़ियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सेल-एसआरयू के मुख्य महाप्रबंधक विशाल शुक्ला थे। कार्यक्रम की अध्यक्षता छत्तीसगढ़ एमेच्योर खो-खो संघ के अध्यक्ष श्री कमलजीत अरोरा ने की। महाप्रबंधक (चिकित्सा एवं स्वास्थ्य सेवाएं) संजय कुमार, उप महाप्रबंधक (क्रीडा, सांस्कृतिक एवं नागरिक सुविधाएँ) राजेंद्र प्रसाद विशिष्ट अतिथि के रूप में तथा छत्तीसगढ़ एमेच्योर खो-खो संघ के सचिव तरुण शुक्ला भी विशेष रूप से उपस्थित थे।

11 से 22 दिसंबर 2026 तक हैदराबाद, तेलंगाना में प्रस्तावित खेलो इंडिया प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए आयोजित चयन ट्रायल में 18 वर्ष से कम आयु तथा 01 जनवरी 2009 के बाद जन्म लेने वाली खिलाड़ी जूनियर बालिका वर्ग के लिए पात्र थे। उल्लेखनीय है कि छत्तीसगढ़ की बालिका खो-खो टीम इस प्रतियोगिता के लिए पहले ही क्वालीफाई कर चुकी है। चयन प्रक्रिया के उपरांत राज्य टीम के लिए 15 मुख्य खिलाड़ियों एवं 5 स्टैंडबाय खिलाड़ियों का चयन किया गया। चयन समिति में खेल एवं युवा कल्याण विभाग, जिला रायपुर, राज्य खेल संघ एवं लोक शिक्षण संचालनालय के एक-एक प्रतिनिधि तथा प्रशिक्षक भुवनेश्वर साहू शामिल थे।

कार्यक्रम के दौरान बीएसपी खो-खो क्लब के अध्यक्ष एवं महाप्रबंधक संजय कुमार ने वर्ष 2010 में इसी मैदान पर आयोजित राष्ट्रीय स्तर की खो-खो प्रतियोगिता का स्मरण करते हुए वर्ष 2025 में भारत में आयोजित प्रथम खो-खो विश्व कप की सफलता तथा इस खेल को मिल रही राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय पहचान पर भी प्रकाश डाला।

इस अवसर पर छत्तीसगढ़ एमेच्योर खो-खो संघ के अध्यक्ष कमलजीत अरोरा ने आगामी वर्ष छत्तीसगढ़ में खो-खो लीग गेम्स आयोजित करने की योजना की जानकारी दी।

वहीं मुख्य अतिथि विशाल शुक्ला ने सुझाव दिया कि बीएसपी खो-खो क्लब, छत्तीसगढ़ एमेच्योर खो-खो संघ के साथ समन्वय स्थापित कर दिसंबर माह में भिलाई में राष्ट्रीय स्तर की खो-खो प्रतियोगिता आयोजित करने की पहल कर सकता है। इससे भिलाई में राष्ट्रीय स्तर की खो-खो प्रतियोगिता के आयोजन की दिशा में सकारात्मक चर्चा को आगे बढ़ाने का अवसर मिला।

Since 1972
CROWN-TV
Choice Of Millions
LED / Washing Machine
Cooler / Fridge
Available All Size
CONTACT :
Atlas Radio Traders (Crown)
Sect.-3, D-48, Ward No. 13
Devendra Nagar, Raipur (C.G.) 492009
Near Akash Gas Agency Line
Mob.: 98262 52372

## खास खबर



### दूसरी बार टोकन निरस्त हुआ तो घटेगा धान बेचने का एक मौका

**कोरिया।** समर्थन मूल्य पर धान बेचने के लिए टोकन लेने वाले किसान तौल की निर्धारित तारीख पर ही उपार्जन केंद्र में धान पहुंचाएं। तय तारीख पर धान नहीं लाने पर टोकन निरस्त हो जाएगा। पहली बार टोकन निरस्त होने पर किसान दोबारा टोकन ले सकेंगे और उनकी टोकन सीमा से कोई कटौती नहीं होगी। यह छूट केवल एक बार मिलेगी। दूसरी बार निरस्त हुआ टोकन किसान की निर्धारित सीमा में गिना जाएगा, जिससे धान बेचने के लिए उपलब्ध टोकनों की संख्या एक कम हो जाएगी। दो एकड़ तक के सीमांत किसानों को अधिकतम एक, दो एकड़ से अधिक और 10 एकड़ तक के लघु किसानों को अधिकतम दो तथा 10 एकड़ से अधिक रकबे वाले दीर्घ किसानों को अधिकतम तीन टोकन जारी किए जा सकेंगे।

### छत्तीसगढ़ एक्सप्रेस में लगेगा अतिरिक्त स्लीपर कोच

**रायपुर।** रेलवे प्रशासन द्वारा यात्रियों की बेहतर यात्रा सुविधा व अधिकाधिक यात्रियों को कंफर्म बर्थ उपलब्ध कराने हेतु दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे से चलने वाली गाड़ी संख्या 18237/18238 कोरबा-अमृतसर-बिलासपुर छत्तीसगढ़ एक्सप्रेस में एक अतिरिक्त स्लीपर कोच की सुविधा अस्थायी रूप से उपलब्ध कराई जा रही है। यह सुविधा गाड़ी संख्या 18237 कोरबा-अमृतसर छत्तीसगढ़ एक्सप्रेस में 19 नवम्बर 2026 को तथा गाड़ी संख्या 18238 अमृतसर-बिलासपुर छत्तीसगढ़ एक्सप्रेस में 21 नवम्बर 2026 को उपलब्ध रहेगी। इस सुविधा की उपलब्धता से इस गाड़ी में यात्रा करने वाले अधिकाधिक यात्री लाभान्वित होंगे।

# सीएम निवास में दीपावली मिलन समारोह बना आत्मीयता सामाजिक समरसता और सांस्कृतिक गौरव का अनूठा संगम

श्रीकंचनपथ समाचार

**रायपुर।** मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के नवा रायपुर स्थित निवास में आयोजित दीपावली मिलन समारोह सामाजिक समरसता, आत्मीयता, सेवा भावना और सांस्कृतिक गौरव का अनूठा संगम बना। प्रदेश के विभिन्न जिलों से आए पद्मश्री सम्मानित विभूतियों, विभिन्न समाजों के वरिष्ठजनों, लोकतंत्र सेनानियों, राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के वरिष्ठ कार्यकर्ताओं तथा शिक्षा, सेवा, साहित्य, संस्कृति, सामाजिक जागरण, सुरक्षा और आर्थिक क्षेत्र में सक्रिय संगठनों के प्रतिनिधियों की गरिमामयी उपस्थिति ने समारोह को विशेष स्वरूप प्रदान किया।



मिलन समारोह केवल शुभकामनाओं के आदान-प्रदान तक सीमित नहीं रहा, बल्कि यह समाज के विभिन्न क्षेत्रों में दशकों से समर्पित भाव से कार्य कर रहे लोगों के सम्मान, उनके अनुभवों को साझा करने और सामाजिक संबंधों को नई ऊर्जा देने का यादगार अवसर बना। समारोह में छत्तीसगढ़ की सामाजिक समरसता, सांस्कृतिक गौरव, सेवा भावना और आपसी सद्भाव की सुंदर झलक देखने को मिली।

मुख्यमंत्री ने सभी अतिथियों का आत्मीय स्वागत किया। वे स्वयं एक-एक टेबल पर पहुंचे और लोगों से व्यक्तिगत रूप से मुलाकात कर उनका हालचाल जाना। उन्होंने वरिष्ठजनों के अनुभव सुने, विभिन्न संगठनों की गतिविधियों की जानकारी ली और समाज के लिए किए जा रहे उनके कार्यों की सराहना की। मुख्यमंत्री के सहज, सरल और आत्मीय व्यवहार ने समारोह को औपचारिक आयोजन से आगे बढ़कर अपनत्व और पारिवारिक मिलन का स्वरूप प्रदान किया।

मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि दीपावली का पर्व केवल प्रकाश और उल्लास का उत्सव नहीं, बल्कि प्रेम, विश्वास, सद्भाव और सामाजिक एकता को मजबूत करने का अवसर भी है। समाज के विभिन्न क्षेत्रों में समर्पित भाव से कार्य करने वाले लोगों से मिलना और उनके अनुभवों को जानना सदैव प्रेरणादायक होता है।

उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ की सबसे बड़ी शक्ति यहां के लोगों की सरलता, आत्मीयता, सामाजिक एकता और सेवा भावना है। सामूहिक प्रयासों से ही प्रदेश की गौरवशाली परंपराओं को सहेजते हुए विकास की नई ऊंचाइयों तक पहुंचा जा सकता है।

दीपावली मिलन समारोह में जैन समाज, वैष्णव समाज, छत्तीसगढ़िया सोनार समाज सहित विभिन्न समाजों के वरिष्ठजनों और प्रतिनिधियों ने मुख्यमंत्री श्री साय से मुलाकात की। विभिन्न समाजों के प्रतिनिधियों ने मुख्यमंत्री के साथ अपने अनुभव साझा किए तथा सामाजिक, सांस्कृतिक और जनकल्याणकारी गतिविधियों के संबंध में चर्चा की।

मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि छत्तीसगढ़ की पहचान उसकी विविधता में एकता और सामाजिक सद्भाव की समृद्ध परंपरा से है। विभिन्न समाजों की अपनी विशिष्ट सांस्कृतिक पहचान, परंपराएं और जीवन मूल्य हैं, जो मिलकर छत्तीसगढ़ की साझा संस्कृति को समृद्ध बनाते हैं।



### दीपावली मिलन समारोह में विशिष्ट व्यक्तियों एवं समूहों ने की मुख्यमंत्री से मुलाकात

समारोह में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के लगभग चार दशक पूर्व से सक्रिय रहे वरिष्ठ कार्यकर्ताओं तथा राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ, छत्तीसगढ़ प्रांत के पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं की विशेष उपस्थिति रही।

दीपावली मिलन समारोह में प्रदेश के विभिन्न जिलों से आए लोकतंत्र सेनानियों ने भी मुख्यमंत्री श्री साय से मुलाकात की। मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि लोकतांत्रिक अधिकारों, अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता और संवैधानिक मूल्यों की रक्षा के लिए संघर्ष करने वाले लोकतंत्र सेनानियों का योगदान सदैव स्मरणीय रहेगा।

समारोह में आरोग्य भारती, राष्ट्रीय सेवा भारती, भारतीय कुष्ठ निवारक संघ सहित विभिन्न सेवा संगठनों के प्रतिनिधियों ने मुख्यमंत्री श्री साय से मुलाकात की। मुख्यमंत्री ने इन संगठनों द्वारा जनकल्याण के क्षेत्र में किए जा रहे प्रयासों की सराहना की।

दीपावली मिलन समारोह में अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद, भारतीय शिक्षण मंडल और विद्या भारती के प्रतिनिधि भी शामिल हुए। समारोह में प्रज्ञा प्रवाह, भारतीय साहित्य परिषद सहित वैचारिक एवं साहित्यिक क्षेत्र से जुड़े संगठनों के प्रतिनिधियों ने भी मुख्यमंत्री से मुलाकात की। विश्व हिंदू परिषद, वनवासी कल्याण आश्रम, राष्ट्रीय सेवा समिति सहित विभिन्न सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधियों ने मुख्यमंत्री श्री साय से मुलाकात की। उन्होंने कहा कि जनजातीय अंचलों में शिक्षा, स्वास्थ्य, कौशल विकास और सामाजिक जागरूकता के लिए किए जाने वाले सकारात्मक प्रयास प्रदेश के सर्वांगीण विकास में सहायक हैं। विज्ञान भारती के प्रतिनिधियों ने भी मुलाकात की।

समारोह में पूर्व सैनिक परिषद और हिंदू जागरण मंच, लघु उद्योग भारती, भारतीय मजदूर संघ, पद्मश्री सम्मानित कलाकारों और कला-साधकों की उपस्थिति विशेष आकर्षण रही। मुख्यमंत्री श्री साय ने प्रसिद्ध सूफी गायक पद्मश्री मदन सिंह चौहान, पद्मश्री पंडीराम मंडावी, पद्मश्री सम्मानित भारती बंधु से भी आत्मीय मुलाकात की।

मुख्यमंत्री ने सभी अतिथियों के प्रति आभार व्यक्त करते हुए उनके सुख, समृद्धि, उत्तम स्वास्थ्य और उज्ज्वल भविष्य की मंगलकामना की।



# दिवंगत आरक्षक के परिवार को उप मुख्यमंत्री ने सौंपा 1 करोड़ 8 लाख रु. के बीमा का चेक

श्रीकंचनपथ समाचार

**रायपुर।** उप मुख्यमंत्री एवं गृह एवं जेल मंत्री विजय शर्मा ने छत्तीसगढ़ सशस्त्र बल की 17वीं वाहिनी, कबीरधाम में पदस्थ रहे दिवंगत आरक्षक स्वर्गीय श्री सोनवीर कुमार की पत्नी श्रीमती प्रीति देवी को बैंक ऑफ बड़ौदा की सैलरी पैकेज बीमा योजना के अंतर्गत 1 करोड़ 8 लाख रुपए की बीमा राशि का चेक प्रदान किया।



उप मुख्यमंत्री श्री शर्मा ने दिवंगत आरक्षक के परिवार के प्रति संवेदना व्यक्त करते हुए कहा कि किसी भी परिवार के लिए अपने सदस्य को खोने की क्षति अपूरणीय होती है, लेकिन ऐसी कठिन परिस्थितियों में आर्थिक सुरक्षा की व्यवस्था परिवार को आगे बढ़ने का संबल प्रदान करती है।

इस अवसर पर श्री शर्मा ने कहा कि प्रदेश के पुलिसकर्मी चुनौतीपूर्ण परिस्थितियों में अपने कर्तव्यों का निर्वहन करते हैं। ऐसे में उनके परिवारों की सुरक्षा और कल्याण भी अत्यंत महत्वपूर्ण है। पुलिसकर्मियों के वेतन खातों से जुड़ी बीमा सुविधाएं आकस्मिक परिस्थितियों में उनके आश्रित परिवारों को आर्थिक संबल प्रदान करने का महत्वपूर्ण माध्यम बन रही हैं। उन्होंने कहा कि इस बीमा सुरक्षा व्यवस्था का दायरा लगातार बढ़ाया जा रहा है। विगत दिनों नगर सैनिकों एवं फायर फाइटर्स को भी सैलरी पैकेज बीमा योजना से जोड़ा गया है, ताकि आपातकालीन परिस्थितियों में सेवाएं देने वाले इन जवानों और उनके परिवारों को भी बीमा सुरक्षा का लाभ मिल सके।

उप मुख्यमंत्री श्री शर्मा ने बैंक ऑफ बड़ौदा के अधिकारियों से कहा कि बीमा राशि प्राप्त करने वाले परिवार को इसके सुरक्षित निवेश एवं समुचित वित्तीय प्रबंधन के संबंध में आवश्यक मार्गदर्शन भी प्रदान किया जाए, ताकि यह राशि परिवार की दीर्घकालिक आर्थिक सुरक्षा और बच्चों के भविष्य के लिए उपयोगी साबित हो। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को दिवंगत आरक्षक के परिवार को शासन की ओर से देय शेष सहायता एवं अन्य सुविधाएं भी यथाशीघ्र उपलब्ध कराने के निर्देश दिए।

उल्लेखनीय है कि स्व. सोनवीर कुमार छत्तीसगढ़ सशस्त्र बल की 17वीं वाहिनी, कबीरधाम के अंतर्गत कैंप घाघरा में आरक्षक के पद पर पदस्थ थे। उन्होंने पुलिस बल में 12 वर्षों से अधिक समय तक अपनी सेवाएं दी थीं। विगत 22 दिसम्बर 2025 को गोली लगने की घटना में उनका आकस्मिक निधन हो गया था।

उनके निधन के बाद परिवार की आर्थिक सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए बैंक ऑफ बड़ौदा के सैलरी पैकेज के अंतर्गत उनकी पत्नी एवं नामिनी श्रीमती प्रीति देवी को 1 करोड़ 8 लाख रुपए की बीमा राशि प्रदान की गई है। इसके अतिरिक्त उनके पुत्र श्री दिवेश कुमार को बाल आरक्षक के रूप में अनुकंपा नियुक्ति भी प्रदान की जा चुकी है।

# जनजातीय अंचलों के विद्यार्थियों के पास पहुंचा 'पहियों पर अंतरिक्ष', जागेगी वैज्ञानिक चेतना

श्रीकंचनपथ समाचार

**रायपुर।** जिन बच्चों के लिए उपग्रह अब तक आसमान में चमकते बिंदु भर थे, उनके सामने अब इसरो के उपग्रहों के मॉडल मौजूद हैं। विज्ञान को प्रयोगशालाओं और बड़े संस्थानों तक सीमित न रखकर गांवों और स्कूलों तक पहुंचाने में जुटी विज्ञान भारती की इस पहल की मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने सराहना की।



नवा रायपुर स्थित मुख्यमंत्री निवास में आयोजित दीपावली मिलन समारोह में विज्ञान भारती के प्रतिनिधि भी शामिल हुए। मुख्यमंत्री श्री साय ने संस्था के प्रतिनिधियों से आत्मीय भेंट की। साथ ही उन्होंने जनजातीय अंचलों में विज्ञान के प्रति जागरूकता बढ़ाने और बच्चों में वैज्ञानिक दृष्टिकोण विकसित करने के संस्था के प्रयासों की सराहना की।

मुख्यमंत्री ने कहा कि विज्ञान और नवाचार के प्रति जिज्ञासा नई पीढ़ी के उज्ज्वल भविष्य के लिए महत्वपूर्ण है। जनजातीय अंचलों के बच्चों को देश की वैज्ञानिक उपलब्धियों से परिचित कराने से उनमें नई चीजों को जानने-समझने की रुचि बढ़ेगी और नई संभावनाओं के प्रति उत्सुकता विकसित होगी।

संस्था के प्रतिनिधि श्री वर प्रसाद कोला ने मुख्यमंत्री को विज्ञान भारती की गतिविधियों और उद्देश्यों की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि विज्ञान भारती राष्ट्रीय स्तर की संस्था है, जिसका मुख्यालय नई दिल्ली में है। संस्था स्वदेशी विज्ञान आंदोलन के माध्यम से भारतीय वैज्ञानिक परंपरा और आधुनिक विज्ञान के बीच संवाद स्थापित करने का कार्य कर रही है। इसमें वरिष्ठ वैज्ञानिकों के साथ नई पीढ़ी के वैज्ञानिक भी जुड़े हुए हैं। इसरो, आईसीएमआर, जैव प्रौद्योगिकी विभाग तथा विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग से जुड़े विशेषज्ञों का भी इसमें योगदान है।

श्री कोला ने बताया कि दूरस्थ अंचलों तक विज्ञान की जिज्ञासा पहुंचाने के लिए विज्ञान भारती श्स्पेस ऑन व्हीलश् पहल संचालित कर रही है। इस विशेष वाहन में इसरो द्वारा प्रक्षेपित उपग्रहों के मॉडल और अंतरिक्ष विज्ञान से जुड़ी प्रदर्शन सामग्री रखी जाती है। वाहन के साथ मौजूद वैज्ञानिक और प्रशिक्षित शिक्षक बच्चों को उपग्रहों, अंतरिक्ष अभियानों और अनुसंधान की कार्यप्रणाली सरल भाषा में समझाते हैं। इस पहल के माध्यम से उन बच्चों को भी अंतरिक्ष विज्ञान को करीब से जानने और समझने का अवसर मिल रहा है, जिनके लिए वैज्ञानिक संस्थानों और प्रयोगशालाओं तक पहुंचना आसान नहीं है। इस अवसर पर शहीद महेंद्र कर्मा विश्वविद्यालय के सहायक प्राध्यापक डॉ. कुशकुमार नायक तथा एनआईटी रायपुर के कंप्यूटर साइंस विभाग के प्रोफेसर डॉ. दिलीप कुमार सिसोदिया भी उपस्थित रहे।

# बरसात के बाद फिर शुरू हुई भोरमदेव जंगल सफारी

श्रीकंचनपथ समाचार

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ सरकार की इको-टूरिज्म पहल के तहत कबीरधाम जिले में विकसित भोरमदेव जंगल सफारी बरसात के बाद एक बार फिर पर्यटकों के लिए शुरू हो गई है। जंगल सफारी प्रकृति प्रेमियों और रोमांच के शौकीनों के लिए आकर्षण का प्रमुख केंद्र बनी हुई है। कबीरधाम जिले सहित छत्तीसगढ़ के विभिन्न क्षेत्रों और देश के अलग-अलग राज्यों से आने वाले पर्यटक यहां जंगल की प्राकृतिक सुंदरता और वन्यजीवों को करीब से देखने का आनंद ले रहे हैं।



मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की मंशानुरूप तथा उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा एवं वन मंत्री श्री केदार कश्यप के मार्गदर्शन में विकसित यह जंगल सफारी प्रकृति, रोमांच और स्थानीय विकास का बेहतर संगम बन रही है। इसके माध्यम से भोरमदेव क्षेत्र को पर्यटन के प्रमुख केंद्र के रूप में पहचान मिल रही है, वहीं स्थानीय युवाओं, वन प्रबंधन समिति और स्व-सहायता समूहों को रोजगार एवं आमदनी के नए अवसर भी प्राप्त हो रहे हैं।

वन मंडलाधिकारी निखिल अग्रवाल ने बताया कि भोरमदेव जंगल सफारी की शुरुआत से स्थानीय लोगों को रोजगार और आय के नए अवसर मिले हैं। सफारी परिसर में स्व-सहायता समूह द्वारा संचालित कैंटीन भी पर्यटकों के आकर्षण का केंद्र बनी हुई है। इसके संचालन से समूह की महिलाओं की आय में वृद्धि हुई है और उन्हें आत्मनिर्भर बनने की दिशा में प्रोत्साहन मिला है। बरसात के बाद जंगल सफारी फिर शुरू होने से पर्यटकों को एक बार फिर भोरमदेव के प्राकृतिक सौंदर्य और वन्यजीवों के बीच रोमांचक अनुभव लेने का अवसर मिला है।

भोरमदेव जंगल सफारी के साथ यहां स्थित प्राकृतिक उद्यान भी पर्यटकों को आकर्षित कर रहा है। इससे भोरमदेव क्षेत्र में पर्यटन गतिविधियों को बढ़ावा मिल रहा है और यह क्षेत्र प्रदेश के प्रमुख पर्यटन स्थलों में अपनी अलग पहचान बना रहा है।

करीब 36 किलोमीटर लंबे जंगल सफारी मार्ग में पर्यटकों को अनेक वन्यजीवों और पक्षियों को देखने का अवसर मिलता है। इनमें भारतीय गौर, भालू, नीलगाय, सांभर, कोटरी, बाघ के पदचिह्न, जंगली मुर्गा, विभिन्न प्रजातियों के पक्षी और रंग-बिरंगी तितलियां पर्यटकों के लिए विशेष आकर्षण का केंद्र हैं। घने जंगल, ऊंची पहाड़ियां और प्राकृतिक सुंदरता से भरपूर वातावरण पर्यटकों की जंगल यात्रा को रोमांचक और यादगार बनाता है।

भोरमदेव जंगल सफारी का रोमांच लेने के इच्छुक पर्यटकों के लिए अच्छी सुविधा उपलब्ध कराई गई है। अब पर्यटक घर बैठे ऑनलाइन माध्यम से जंगल सफारी की बुकिंग कर सकते हैं। इसके लिए पर्यटकों को bhoramdevwls.com पर जाना होगा, जहां ऑनलाइन बुकिंग की सुविधा उपलब्ध है। भोरमदेव के प्राकृतिक सौंदर्य, घने जंगलों और वन्यजीवों को करीब से देखने का अवसर पर्यटकों के लिए खास आकर्षण का केंद्र है।

### हाईस्कूल एवं हायर सेकेंडरी की प्रायोगिक परीक्षाएं 1 जनवरी से

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मंडल, रायपुर द्वारा हाईस्कूल एवं हायर सेकेंडरी परीक्षा वर्ष 2027 में सम्मिलित होने वाले नियमित विद्यार्थियों की प्रायोगिक परीक्षा एवं प्रायोजना कार्य के आयोजन की तिथियां निर्धारित कर दी गई हैं। मंडल द्वारा प्रायोगिक परीक्षाएं एवं प्रायोजना कार्य 01 जनवरी से 20 जनवरी 2027 के बीच प्रदेश की समस्त मान्यता प्राप्त शिक्षण संस्थाओं में आयोजित किए जाएंगे। छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मंडल ने इस संबंध में सभी मान्यता प्राप्त शिक्षण संस्थाओं के प्राचार्यों को आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किए हैं। मंडल द्वारा प्रायोगिक परीक्षा एवं प्रायोजना कार्य के आयोजन से संबंधित विस्तृत निर्देश अपनी आधिकारिक वेबसाइट www.cgbse.nic.in पर अपलोड कर दिए गए हैं।







# जब प्रियंका चोपड़ा ने अभिषेक बच्चन के फोन से एक अभिनेत्री को मैसेज किया



अभिनेत्री प्रियंका चोपड़ा ने सिमी गरेवाल के साथ मुलाकात शो में अपने सह-कलाकार अभिषेक बच्चन के साथ की गई एक मजेदार शरारत को याद किया। प्रियंका ने बताया कि एक बार उन्होंने अभिषेक का फोन छुपा दिया था और उससे अभिनेत्री रानी मुखर्जी को मैसेज किया था।

गौरतलब है कि अभिषेक और रानी के अपने-अपने जीवनसाथी से शादी करने से पहले उनके बीच प्रेम संबंध होने की खबरें थीं।

### होस्ट सिमी गरेवाल ने प्रियंका से पूछा, क्या आपने कभी उनका मोबाइल चुराया था?

प्रियंका ने बताया कि सबसे पहले अभिषेक ने ही उनका फोन चुराकर इस सब की शुरुआत की थी। प्रियंका ने आगे कहा कि उन्होंने इसे अभिषेक पर शरारत करने का मौका समझा।

मैंने उसका फोन चुरा लिया और उसे छिपा दिया। मैंने उसके फोन से किसी को मैसेज भेजा... बस इतना कि मुझे तुम्हारी याद आ रही है, तुम कहां थीं? क्या तुम...

सिमी ने खुलासा किया कि प्रियंका ने अभिषेक के फोन से रानी को मैसेज किया था, जिसका जवाब रानी ने देते हुए लिखा, हाय एबी, क्या हुआ है तुम्हें?

जब प्रियंका ने सिमी से पूछा कि उसे इस घटना के बारे में किसने बताया, तो सिमी ने जवाब दिया, खैर, मैं बहुतों को जानती हूं। हालांकि, प्रियंका को पहले से ही पता था और उसने कहा, मुझे यकीन है कि यह एबी ही है।

इस बीच, प्रियंका और अभिषेक का पेशेवर रिश्ता काफी लंबा है। उनका पहला साथ में प्रोजेक्ट 2005 में था, जब उन्होंने रोहन सिप्पी द्वारा निर्देशित फिल्म ब्लफमास्टर! में स्क्रीन शेयर की थी।

इस ड्रामा में अभिषेक ने एक ठग का किरदार निभाया था, जबकि प्रियंका उनकी प्रेमिका सिम्मी के रूप में नजर आई थीं।

2008 में, प्रियंका और अभिषेक ने एक बार फिर द्रोणा के लिए साथ काम किया। गोल्डी बहल द्वारा निर्देशित इस फैंटेसी एडवेंचर फिल्म में अभिषेक मुख्य भूमिका में थे, जबकि प्रियंका उनकी रक्षक सोनिया के रूप में दिखाई दी थीं।

उनकी आखिरी ऑन-स्क्रीन जोड़ी 2008 में तरुण मनसुखानी की फिल्म दोस्ताना में जॉन अब्राहम के साथ दिखाई दी थी।



# नेहा धूपिया को सता रहा रघु राम का डर बोलीं- काश इस सीजन में वे नहीं होते

टेलीविजन प्रोड्यूसर और अभिनेता रघु राम 12 साल बाद लोकप्रिय एडवेंचर रियलिटी शो रोडीज रीबर्थ में वापसी करने जा रहे हैं। शो की गैंग लीडर नेहा धूपिया रघुराम की इस वापसी से नाखुश नजर आ रही हैं। नेहा धूपिया ने बातचीत में कहा कि रघु की वापसी से वह बहुत घबराई हुई हैं। उन्होंने कहा, उनकी वापसी से मैं बहुत डरी हुई हूं। काश, वह इस सीजन में नहीं होते। गेम में वे पहले जो ट्विस्ट लेकर आए थे, उसने हमें काफी चौंकाया था।



दरअसल, जब वे पहली बार आए थे, तो हमें बिल्कुल भी अंदाजा नहीं था कि आगे क्या होने वाला है। उन्होंने आगे कहा, अगली बार जब वे फिर से लौटे, तो वे हमें और भी ज्यादा चौंकाने वाले ट्विस्ट लेकर आए थे। अब तो बस यही चाहते हैं कि हम अपना काम आराम से कर लें और रघु अचानक से न आ जाएं।

बता दें कि रघु राम ने साल 2003 में शो रोडीज की शुरुआत और निर्माण में अहम भूमिका निभाई थी। वो शो के पहले सीजन से लेकर 11वें सीजन तक बतौर जज और मास्टरमाइंड जुड़े रहे। उनके सख्त रवैये और तीखे सवालों के चलते उन्हें टीवी का सबसे कड़क जज माना जाता था।

साल 2014 में क्रिएटिव मतभेदों और प्रोड्यूसर्स के दखल के कारण रघु राम ने अपने भाई राजीव लक्ष्मण के साथ यह शो छोड़ दिया था। पूरे 12 साल के लंबे अंतराल के बाद, रघु राम एक बार फिर शो के 21वें सीजन रोडीज रीबर्थ में लौट रहे हैं। इस बार वे एक खास और नई शक्ति के साथ वापसी कर रहे हैं, जिससे वे कंटेस्टेंट्स के मौत या पुनर्जन्म जैसे बड़े फैसले करेंगे।

एमटीवी रोडीज सबसे लंबे समय तक चलने वाले एडवेंचर रियलिटी शोज में से एक है और इसका क्रेज भारतीय सीमाओं के बाहर भी कई देशों में देखने को मिलता है। रोडीज की लोकप्रियता को देखते हुए इसे दुनिया भर के 35 से अधिक देशों में प्रसारित किया जाता रहा है।

दीया मिर्जा ने नवाजुद्दीन के व्यवहार पर उठाए सवाल

# 'बात करने की तमीज नहीं'

दीया मिर्जा एक बार फिर सुर्खियों में हैं। इस बार वजह है उनका सोशल मीडिया पोस्ट। उन्होंने इस पोस्ट में कुछ ऐसा लिखा है, जिस पर हलचल मच गई है। जो लिखा गया है, वह बहुत स्पष्ट नहीं है। मगर, इसमें नवाजुद्दीन सिद्दीकी का नाम जोड़ दिया गया है। साथ ही व्यवहार संबंधी कमियां बताई हैं। यूजर्स कंफ्यूज हैं। कुछ दावा कर रहे हैं कि यह दीया का कोई पीआर स्टंट है। जानिए उन्होंने क्या लिखा है?



### बोलीं- 'साथ काम करना बुरा सपना'

दीया मिर्जा ने इंस्टाग्राम अकाउंट से बुधवार को एक पोस्ट शेयर किया है। इसने इंटरनेट पर हलचल मचा दी है। दरअसल, अभिनेत्री ने पोस्ट में नवाजुद्दीन सिद्दीकी को टैग किया है। साथ ही व्यवहार पर सवाल उठाए हैं। दीया मिर्जा ने लिखा है, 'साथ काम करना बुरा सपना है। न बात करने की तमीज है और एटीट्यूड अलग ही लेवल का है।

अभिनेत्री के इस पोस्ट पर नेटिजंस के कमेंट्स आ रहे हैं। अधिकांश यूजर्स कंफ्यूज हैं कि इस पोस्ट को किस संदर्भ में क्या गया है? लोग पूछ रहे हैं कि क्या वाकई उन्होंने नवाजुद्दीन के व्यवहार पर सवाल किए हैं? वहीं, कुछ इसे पीआर स्टंट कह रहे हैं। एक यूजर ने लिखा है, 'अब लोग बहुत स्मार्ट हो गए हैं। प्रमोशनल एक्टिविटीज को आसानी से पहचान सकते हैं। पीआर टीमों को असली एंगेजमेंट बनाने के लिए नए और इनोवेटिव तरीके ढूंढने की जरूरत है'। एक यूजर ने लिखा, 'प्रमोशन का यह तरीका पुराना हो गया। कुछ नया सोचिए'।

दीया मिर्जा के पोस्ट पर नेटिजंस का अनुमान एकदम सही है। दरअसल, नवाजुद्दीन सिद्दीकी और दीया मिर्जा साथ में सीरीज करने वाले हैं। इसका नाम है- 'डॉ. हसन'। इसका प्रीमियर जियो हॉटस्टार पर 11 दिसंबर को होगा। बानीजय एशिया के प्रोडक्शन में बनी 'डॉ. हसन' उसी स्टूडियो की एक और पेशकश है, जिसने 'द नाइट मैनेजर' और 'मिस्ट्री' (मॉन्क) जैसी कई विदेशी सीरीज के भारतीय वर्जन बनाए हैं। 'डॉ. हसन' मशहूर सीरीज 'हाउस' का भारतीय रूपांतरण है।

नवाजुद्दीन सिद्दीकी डॉ. हसन के रोल में नजर आएंगे। अपने प्रोफेशन में वे कमाल हैं। मगर, उनकी कुछ अजीब आदतें भी हैं। वे अकड़कर बात करते हैं। रोहन सिप्पी द्वारा डायरेक्टेड इस सीरीज में नवाजुद्दीन सिद्दीकी और दीया मिर्जा के साथ फैसल राशिद, रहमत रतन, जयसन थाम और स्मरण सानू जैसे दमदार कलाकार हैं। सीरीज का टीजर काफी दिलचस्प है।

# ऑफिस के काम के दबाव के बीच खुद के लिए निकालें 5 मिनट, वाई-ब्रेक से मिलेगी नई ऊर्जा



ऑफिस का काम, मीटिंग और डेडलाइन लोगों की दिनचर्या का हिस्सा बन गए हैं। कई बार काम का दबाव इतना बढ़ जाता है कि लोग अपनी सेहत और मानसिक सुकून के लिए भी समय नहीं निकाल पाते। खासकर दीपावली जैसे त्योहारों के आसपास ऑफिस की जिम्मेदारियों के साथ घर की तैयारियां भी बढ़ जाती हैं।

ऐसे में थकान, तनाव और चिड़चिड़ापन महसूस होना आम बात है। अगर आप भी लगातार घंटों बैठकर काम करते हैं, तो दिन में कुछ मिनट अपने लिए निकालना जरूरी है। इसी को ध्यान में रखते हुए आयुष मंत्रालय ने वाई-ब्रेक प्रोटोकॉल को बढ़ावा दिया है। आयुष मंत्रालय ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर बताया कि ऑफिस में काम करने वाले लोगों के लिए वाई-ब्रेक प्रोटोकॉल तैयार किया गया है।

इसका उद्देश्य कर्मचारियों को काम के बीच थोड़ा समय निकालकर तनाव से राहत देना, तरोताजा महसूस कराना और दोबारा ध्यान लगाकर काम करने में मदद करना है। इस प्रोटोकॉल में योग के कुछ आसान अभ्यास शामिल किए गए हैं, जिन्हें करने के लिए लंबे समय तक काम छोड़ने की जरूरत नहीं होती। कुछ मिनट का छोटा ब्रेक लेकर भी इनका अभ्यास किया जा सकता है।

वाई-ब्रेक प्रोटोकॉल में योग के तीन प्रमुख अभ्यासों को शामिल किया गया है। इनमें आसन, प्राणायाम और ध्यान शामिल हैं। आसन के जरिए शरीर को हल्का और सक्रिय रखने में मदद मिलती है। वहीं, प्राणायाम यानी सांस लेने से जुड़े अभ्यास मन को शांत करने और तनाव कम करने में सहायक हो सकते हैं।

ध्यान यानी मेडिटेशन से मन को एकाग्र करने और मानसिक शांति पाने में मदद मिलती है। इस पहल की खास बात यह है कि इसमें योग करने के लिए अलग से योग मैट या किसी खास जगह की जरूरत नहीं है। जो लोग लंबे समय तक ऑफिस की कुर्सी पर बैठकर काम करते हैं, वे भी अपनी सुविधा के अनुसार योग का अभ्यास कर सकते हैं।

# 'बच्चों कमर कस लो' राहुल गांधी के बयान पर क्या बोलीं सोनाक्षी? राजीव-सोनिया से जुड़ा है मामला

सोशल मीडिया पर इन दिनों कांग्रेस नेता राहुल गांधी के एक बयान को लेकर खूब चर्चा हो रही है। दरअसल, राहुल गांधी ने हाल ही में अपनी मां सोनिया गांधी और पिता राजीव गांधी के रिश्ते से जुड़ा एक दिलचस्प किस्सा साझा किया था।

उनके इस बयान पर सोशल मीडिया पर तरह-तरह की प्रतिक्रियाएं देखने को मिलीं। अब इस चर्चा में बॉलीवुड एक्ट्रेस सोनाक्षी सिन्हा ने भी मजेदार अंदाज में अपनी प्रतिक्रिया दी है। उन्होंने ऐसी बात कह दी है, जिसे पढ़कर लोगों के चेहरे पर मुस्कान आ जाएगी।



### सोनाक्षी ने लिखी ये बात

सोनाक्षी ने इस पूरे मामले पर अपनी इंस्टाग्राम स्टोरी के जरिए चुटकी ली। उन्होंने एक पेज की एक पोस्ट री-शेयर किया, जिसमें सवाल उठाया गया था कि आखिर किसी शादीशुदा कपल के साथ बैठकर प्यार जताने पर इंटरनेट पर इतना हंगामा क्यों हो रहा है? इस पोस्ट के साथ सोनाक्षी ने अपने अंदाज में लिखा, 'डैम्म्म! मेरे होने वाले बच्चों को बिल्कुल अंदाजा नहीं है कि उनके लिए आगे क्या आने वाला है। कमर कस लो बच्चों (तुम जहां कहीं भी हो)।'

दरअसल, राहुल गांधी ने 16 नवंबर को दिल्ली में अपनी मां सोनिया गांधी की किताब के लॉन्च के मौके पर परिवार से जुड़ा एक किस्सा सुनाया था। उन्होंने बताया कि बचपन में उनके घर में हर बार खाने के दौरान एक खास नजारा देखने को मिलता था।

राहुल के मुताबिक, उनके पिता राजीव गांधी बैठे होते थे और उनकी मां सोनिया गांधी उनकी गोद में बैठा करती थीं। राहुल ने कहा कि बचपन में उन्हें यह बिल्कुल सामान्य लगता था। यहां तक कि एक बार उन्होंने अपने दोस्त से यह भी पूछ लिया था कि उसकी मां उसके पिता की गोद में क्यों नहीं बैठतीं। राहुल गांधी का यह किस्सा सामने आने के बाद सोशल मीडिया पर बहस छिड़ गई। कुछ लोगों ने इस पर सवाल उठाए तो कई लोगों ने इसे पति-पत्नी के बीच प्यार और अपनापन जताने का सामान्य तरीका बताया। बाद में राहुल गांधी ने भी एक्स पर अपनी बात रखते हुए कहा कि माता-पिता के बीच प्यार और अपनापन देखने की चीज है, न कि उस पर सवाल उठाने की।

### 2024 में हुई थी सोनाक्षी-जहीर की शादी

बता दें कि सोनाक्षी सिन्हा ने जून 2024 में एक्टर जहीर इकबाल से शादी की थी। दोनों अक्सर सोशल मीडिया पर एक-दूसरे के साथ अपनी तस्वीरें और प्यार भरे पल साझा करते रहते हैं। वर्कफ्रंट की बात करें तो सोनाक्षी आखिरी बार अपने पति जहीर इकबाल के साथ फिल्म 'तू है मेरी किरण' (2026) में नजर आई थीं।

## खास-खबर

### गांव-गांव पहुंचा संपूर्ण नेत्र सुरक्षा अभियान

**रायपुर।** राष्ट्रीय अंधत्व निवारण कार्यक्रम के अंतर्गत बेमेतरा जिले में नागरिकों को नेत्र संबंधी बीमारियों के प्रति जागरूक करने और समय पर उपचार की सुविधा उपलब्ध कराने के उद्देश्य से संपूर्ण नेत्र सुरक्षा अभियान संचालित किया जा रहा है। बेमेतरा विकासखंड में यह विशेष अभियान 16 नवंबर से 21 नवंबर 2026 तक आयोजित किया जा रहा है। जिला कलेक्टर प्रतिष्ठा ममगाई के मार्गदर्शन में स्वास्थ्य विभाग द्वारा अभियान को प्रभावी ढंग से संचालित किया जा रहा है, ताकि ग्रामीण क्षेत्रों के प्रत्येक जरूरतमंद व्यक्ति तक नेत्र जांच एवं उपचार की सुविधा पहुंचाई जा सके। अभियान के सफल संचालन एवं आवश्यक तैयारियों को लेकर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र खंडसरा में बैठक आयोजित की गई थी। बैठक में मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. शरद कोहाड़े तथा जिला अंधत्व नोडल अधिकारी डॉ. अंशु अग्रवाल उपस्थित रहे। बैठक में अभियान के दौरान गांवों में व्यापक स्तर पर नेत्र परीक्षण, मरीजों की पहचान और उपचार संबंधी गतिविधियों के बेहतर क्रियान्वयन पर जोर दिया गया।

### प्रदेश में धान खरीदी महा अभियान को मिल रही गति

**रायपुर।** मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में प्रदेश में धान खरीदी महाअभियान सुचारू रूप से आगे बढ़ रहा है। किसानों की सुविधा के लिए लागू ऑनलाइन टोकन प्रणाली का व्यापक उपयोग किया जा रहा है। अब तक प्रदेश में 4 लाख 68 हजार 722 टोकन जारी किए जा चुके हैं, जिनके माध्यम से किसानों ने लगभग 24.40 लाख मीट्रिक टन धान विक्रय के लिए टोकन प्राप्त किए हैं। खरीफविपणन वर्ष 2026-27 में 18 नवंबर तक प्रदेश के 37 हजार 792 किसानों से 1 लाख 44 हजार 405 मीट्रिक टन धान की खरीदी की जा चुकी है। इस अवधि में कुल 38 हजार 139 टोकन पर धान का उपार्जन हुआ है। वहीं, 18 नवंबर को एक ही दिन में 12 हजार 554 टोकन पर 48 हजार 297 मीट्रिक टन धान की खरीदी की गई। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने कहा है कि किसानों की मेहनत का पूरा सम्मान और उनकी उपज का उचित मूल्य सुनिश्चित करना राज्य सरकार की प्रतिबद्धता है। प्रदेश में किसानों से प्रति एकड़ 21 क्विंटल तक धान की खरीदी 3,100 रुपए प्रति क्विंटल की दर से की जा रही है। किसानों को धान बेचने में किसी प्रकार की असुविधा न हो, इसके लिए उपार्जन केंद्रों में सभी आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित की गई हैं। राज्य सरकार द्वारा धान खरीदी की पूरी प्रक्रिया को पारदर्शी, सरल और किसान हितैषी बनाया गया है। मुख्यमंत्री साय ने अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि धान खरीदी के दौरान किसानों की सुविधाओं का विशेष ध्यान रखा जाए तथा उपार्जन केंद्रों में सभी व्यवस्थाएं सुचारू बनी रहें।

# विकसित भारत-2047 के निर्माण में युवा शक्ति की भूमिका अहम- राज्यपाल

श्रीकंचनपथ समाचार

रायपुर। राज्यपाल रमेन डेका ने कहा है कि भारत युवाओं का देश है, जहाँ देश की लगभग 35 प्रतिशत आबादी युवा है। यही युवा शक्ति देश को वर्ष 2047 तक विकसित एवं आत्मनिर्भर भारत बनाने में सबसे अहम भूमिका निभाएगी। युवाओं की शिक्षा, कौशल, कड़ी मेहनत और नवाचार से ही देश की प्रगति की दिशा तय होगी।




राज्यपाल ने युवाओं से आह्वान किया कि वे जीवन में जो भी कार्य करें, उसे पूरी लगन, ईमानदारी और जिम्मेदारी के साथ करें ताकि समाज और राष्ट्र का भला हो। राज्यपाल डेका रायपुर के लोक भवन स्थित छत्तीसगढ़ मंडपम में 'मेरा युवा भारत' द्वारा आयोजित 'वंदे मातरम् राज्य युवा शिविर' में विभिन्न राज्यों से आए युवा स्वयंसेवकों को संबोधित कर रहे थे। 17 से 23 नवंबर 2026 तक चलने वाले इस सात दिवसीय शिविर में महाराष्ट्र, त्रिपुरा, उत्तर प्रदेश, ओडिशा, तेलंगाना और जम्मू-कश्मीर के युवा प्रतिभागी शामिल हुए हैं।

युवाओं को सफलता के सूत्र बताते हुए राज्यपाल ने धैर्य, दृढ़ता और स्पष्ट उद्देश्य को आवश्यक बताया। उन्होंने कहा कि केवल लक्ष्य तय करना काफी नहीं है, बल्कि उसे पाने के लिए निरंतर प्रयास, कठोर परिश्रम और अनुशासन जरूरी है। उन्होंने कहा कि टालमटोल से बचें युवाओं को आज का काम कल पर टालने की आदत से बचना चाहिए। श्री डेका ने कहा कि समय की पाबंदी ही सफलता की असली नींव है। बस्तर का उदाहरण देते हुए राज्यपाल ने कहा कि जहाँ सुरक्षा होती है, वहीं शांति और विकास का माहौल बनता है। नक्सलवाद का प्रभाव कम होने और सुरक्षा व्यवस्था बेहतर होने से बस्तर में शांति स्थापित हुई है और क्षेत्र तेजी से विकास की राह पर आगे बढ़ रहा है। जिन इलाकों में कभी संचार साधनों का अभाव था, वहाँ अब मोबाइल टावर, रेडियो, और टेलीविजन की पहुँच बढ़ रही है तथा बच्चे नियमित रूप से स्कूल जा रहे हैं।

कार्यक्रम के दौरान राज्यपाल ने विभिन्न राज्यों से आए प्रतिभाशाली युवा स्वयंसेवकों को सम्मानित किया। उन्होंने युवाओं के सवालों और जिज्ञासाओं का समाधान करते हुए उन्हें सफल जीवन के लिए बहुमूल्य मार्गदर्शन दिया। कार्यक्रम के प्रारंभ में 'मेरा युवा भारत' के राज्य निदेशक अर्पित तिवारी ने शिविर के उद्देश्यों और गतिविधियों की जानकारी दी।

इस अवसर पर राज्यपाल के सचिव डॉ. सी.आर. प्रसन्ना सहित लोकभवन के अधिकारी और विभिन्न राज्यों के अधिकारी एवं युवा प्रतिभागी उपस्थित रहे।

### राष्ट्रीय एकता और संस्कृति का आदान-प्रदान

राज्यपाल डेका ने कहा कि ऐसे युवा शिविर अलग-अलग राज्यों के युवाओं को एक-दूसरे की संस्कृति, परंपराओं और विचारों को जानने-समझने का बेहतरीन अवसर देते हैं। इससे आपसी सद्भाव, राष्ट्रीय एकता और नेतृत्व क्षमताओं का विकास होता है। राष्ट्रगीत 'वंदे मातरम्' के 150 वर्ष पूरे होने का जिक्र करते हुए उन्होंने इसे मातृभूमि के प्रति प्रेम, समर्पण और राष्ट्रीय गौरव का प्रतीक बताया।

### गाँवों की ओर रुख और कृषि में नवाचार

राज्यपाल ने युवाओं को गांवों की ओर जाने के लिए प्रेरित करते हुए कहा कि गांवों में विकास और रोजगार की अपार संभावनाएं हैं। युवाओं को गांवों की जरूरतें समझकर स्थानीय स्तर पर रोजगार के नए अवसर तलाशने चाहिए। उन्होंने कृषि को पारंपरिक पेशे से आगे बढ़ाकर उद्यमिता और स्टार्टअप का माध्यम बनाने पर जोर दिया। युवाओं से जैविक खेती, प्राकृतिक संसाधनों के बेहतर उपयोग और आधुनिक कृषि पद्धतियों को अपनाने की अपील की गई।

# धान खरीदी में अन्नदाताओं को न हो कोई असुविधा- मंत्री केदार कश्यप

श्रीकंचनपथ समाचार

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ में खरीफविपणन वर्ष 2026-27 के तहत समर्थन मूल्य पर धान खरीदी की प्रक्रिया तेजी से जारी है। इस बीच, सहकारिता मंत्री केदार कश्यप ने धान खरीदी व्यवस्था की उच्चस्तरीय समीक्षा करते हुए अधिकारियों को सख्त निर्देश दिए हैं कि खरीदी के दौरान किसानों को किसी भी प्रकार की परेशानी का सामना न करना पड़े। उन्होंने उपार्जन केंद्रों में सभी आवश्यक बुनियादी सुविधाएं सुनिश्चित करने और किसानों को उनकी उपज का भुगतान समय पर करने पर विशेष जोर दिया है। मंत्री श्री कश्यप ने स्पष्ट किया कि राज्य सरकार किसानों के आर्थिक हितों के संरक्षण के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है और किसानों की सुविधा सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है।

सहकारिता मंत्री कश्यप ने जानकारी दी कि इस वर्ष प्रति एकड़ 13 हजार 839 रुपये की एक समान आदान सहायता प्रदान की जा रही है। सबसे बड़ा लाभ यह है कि प्रति एकड़ निर्धारित अधिकतम सीमा 21 क्विंटल से कम धान बेचने वाले पात्र किसानों को भी पूरी आदान सहायता



का लाभ मिलेगा। इस ऐतिहासिक निर्णय से कम उत्पादन वाले क्षेत्रों के साथ-साथ लघु, सीमांत और जनजातीय अंचलों के किसानों को विशेष रूप से बड़ी राहत मिलेगी।

मंत्री श्री कश्यप ने कहा कि किसानों की कड़ी मेहनत के कारण ही छत्तीसगढ़ को धान का कटोरा के रूप में विशिष्ट पहचान मिली है। इसे ध्यान में रखते हुए उन्होंने अधिकारियों को निम्नलिखित निर्देश दिए हैं। खरीदी केंद्रों पर पर्याप्त बारदाना, नमी मापक यंत्र (मॉइस्चर मीटर), इलेक्ट्रॉनिक तौल मशीन और धान की स्टैकिंग की समुचित व्यवस्था हो। धान के उठाव और भंडारण में कमी को रोकने के लिए नियमित निगरानी और सुरक्षा के पुख्ता उपाय किए जाएं।

# उप मुख्यमंत्री साव ने विकास कार्यों का किया लोकार्पण-भूमिपूजन

श्रीकंचनपथ समाचार

**रायपुर।** उप मुख्यमंत्री तथा नगरीय प्रशासन एवं विकास मंत्री अरुण साव ने आज बेमेतरा जिले के मारो नगर पंचायत में दो करोड़ 31 लाख 79 हजार रुपए के कार्यों का लोकार्पण और भूमिपूजन किया। उन्होंने इस मौके पर मारो में शॉपिंग कॉम्प्लेक्स और हाट-बाजार के लिए एक-एक करोड़ रुपए देने की घोषणा की। उन्होंने जल आपूर्ति सुविधाओं के विस्तार के लिए भी 30 करोड़ रुपए की घोषणा की। खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति मंत्री दयालदास बघेल और विधायक ईश्वर साहू भी कार्यक्रम में शामिल हुए।

उप मुख्यमंत्री अरुण साव ने 2.32 करोड़ के कार्यों का किया लोकार्पण-भूमिपूजन उप मुख्यमंत्री श्री साव ने मारो में कुल दो करोड़ 31 लाख 79 हजार रुपए के चार कार्यों का भूमिपूजन और एक कार्य का लोकार्पण किया। उन्होंने वार्ड



क्रमांक-3 में 75 लाख 20 हजार रुपए के डॉ. भीमराव अंबेडकर सर्व समाज मंगल भवन, 29 लाख 67 हजार रुपए के मटेरियल रिकवरी फैसिलिटी, वार्ड क्रमांक-12 में 48 लाख 71 हजार रुपए के देवराहा तालाब के मुक्तिधाम उन्नयन तथा नगर पंचायत के विभिन्न वार्डों में 67 लाख 21 हजार रुपए लागत के 12 सीसी रोड एवं आरसीसी नाली निर्माण कार्यों का भूमिपूजन किया। श्री साव ने विकासखंड नवागढ़ के सरस्वती शिशु मंदिर परिसर में 11 लाख रुपए से निर्मित रंगमंच एवं भवन का लोकार्पण किया।

उप मुख्यमंत्री साव ने लोकार्पण-भूमिपूजन कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि प्रदेश सरकार नगरीय क्षेत्रों में मूलभूत सुविधाओं के विस्तार और नागरिकों को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए प्रतिबद्ध है। नगरों का सुनियोजित विकास, स्वच्छता, पेयजल, सड़क और बाजार जैसी सुविधाओं का विस्तार सरकार की प्राथमिकता है। मारो नगर पंचायत में भी विकास कार्यों के माध्यम से नागरिकों को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएंगी।

खाद्य मंत्री दयालदास बघेल ने अपने संबोधन में कहा कि सरकार क्षेत्र के समग्र विकास के लिए लगातार कार्य कर रही है। नगर पंचायत मारो में विभिन्न निर्माण कार्यों से नागरिक सुविधाओं का विस्तार होगा।

विकास कार्यों का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचे, इसके लिए सभी कार्यों को गुणवत्तापूर्ण ढंग से समय-सीमा में पूरा किया जाना चाहिए। विधायक ईश्वर साहू ने कहा कि मारो सहित पूरे क्षेत्र के विकास के लिए निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं।

आज हुए भूमिपूजन, लोकार्पण और नए विकास कार्यों की घोषणा से नगर के विकास को नई दिशा मिलेगी। इन कार्यों से नागरिकों को बेहतर सुविधाएं प्राप्त होंगी। पार्षदगण, अधिकारी-कर्मचारी और बड़ी संख्या में नगरवासी कार्यक्रम में मौजूद थे।

# एनसीसी युवाओं में अनुशासन, नेतृत्व और राष्ट्रसेवा की भावना विकसित करने का सशक्त माध्यमः मंत्री ओपी चौधरी

श्रीकंचनपथ समाचार

**रायपुर।** वित्त मंत्री ओ.पी. चौधरी ने कहा कि युवा शक्ति ही छत्तीसगढ़ और देश के उज्ज्वल भविष्य की सबसे बड़ी आधारशिला है। युवाओं में अनुशासन, एकाग्रता, धैर्य, नेतृत्व क्षमता और राष्ट्रसेवा की भावना विकसित करने में राष्ट्रीय कैडेट कोर (एनसीसी) की महत्वपूर्ण भूमिका है। एनसीसी का प्रशिक्षण युवाओं को केवल सैन्य सेवाओं के लिए ही तैयार नहीं करता, बल्कि जीवन के प्रत्येक क्षेत्र में सफलता प्राप्त करने के लिए आवश्यक आत्मविश्वास, दृढ़ संकल्प और नेतृत्व क्षमता भी प्रदान करता है।

उन्होंने कहा कि आज भारत दुनिया के सबसे युवा देशों में शामिल है। ऐसे समय में युवाओं की ऊर्जा को सकारात्मक दिशा देना, उन्हें शारीरिक एवं मानसिक रूप से सशक्त बनाना तथा राष्ट्र निर्माण में उनकी सक्रिय भागीदारी



सुनिश्चित करना अत्यंत आवश्यक है।

वित्त मंत्री श्री चौधरी आज नवा रायपुर के लखौली में आयोजित एनसीसी प्रशिक्षण कैंप में शामिल हुए। उन्होंने प्रदेश के विभिन्न जिलों से आए एनसीसी कैडेटों से संवाद कर उन्हें जीवन में बड़े लक्ष्य निर्धारित करने, अनुशासन और निरंतर परिश्रम के साथ आगे बढ़ने तथा अपनी प्रतिभा का उपयोग देश और समाज के विकास में करने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे कैडेटों के उत्साह, समर्पण और अनुशासन की सराहना करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। इस अवसर पर ब्रिगेडियर साई प्रसाद, कर्नल रमेश सहित एनसीसी के अधिकारी, प्रशिक्षक और बड़ी संख्या में कैडेट उपस्थित थे।

वित्त मंत्री ओ.पी. चौधरी ने एनसीसी प्रशिक्षण संस्थान के विकास को लेकर महत्वपूर्ण घोषणा करते हुए कहा कि राज्य सरकार इस संस्थान को देश के सर्वश्रेष्ठ प्रशिक्षण संस्थानों में शामिल करने के लिए आवश्यक सहयोग प्रदान करेगी। उन्होंने कहा कि संस्थान में बेहतर प्रशिक्षण सुविधाओं, आधुनिक संसाधनों और आवश्यक अधोसंरचना के विकास के लिए जो भी जरूरतें होंगी, उनका आकलन कर आगामी बजट में समुचित प्रावधान करने का प्रयास किया जाएगा।

श्री चौधरी ने कहा कि एनसीसी के माध्यम से छत्तीसगढ़ के युवाओं को बेहतर प्रशिक्षण और व्यक्तित्व विकास के अवसर उपलब्ध कराना राज्य सरकार की प्राथमिकता है। उन्होंने अधिकारियों से संस्थान की आवश्यकताओं का विस्तृत प्रस्ताव तैयार करने को कहा, ताकि संबंधित विभाग के माध्यम से बजट में आवश्यक संसाधनों की व्यवस्था की जा सके। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि सामूहिक प्रयासों से लखौली का एनसीसी प्रशिक्षण संस्थान राष्ट्रीय स्तर पर अपनी विशिष्ट पहचान स्थापित कर सकेगा।

वित्त मंत्री चौधरी ने कैडेटों को संबोधित करते हुए कहा कि भारतीय थलसेना, नौसेना और वायुसेना युवाओं के लिए उत्कृष्ट करियर के अवसर उपलब्ध कराती हैं। इन सेवाओं में शामिल होकर युवा न केवल अपना भविष्य संवार सकते हैं, बल्कि राष्ट्र की सुरक्षा और सम्मान में भी महत्वपूर्ण योगदान दे सकते हैं। उन्होंने कहा कि एनसीसी युवाओं को सैन्य जीवन, अनुशासन, नेतृत्व और टीम भावना से परिचित कराने का महत्वपूर्ण मंच है।

# स्कूलों में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा और समय पर पाठ्यक्रम पूर्ण करने की जिम्मेदारी सुनिश्चित करें : मंत्री गजेंद्र यादव

**प्रत्येक शनिवार स्कूलों में एक घंटे योग, खेलकूद, स्काउट और एनसीसी गतिविधियों को दें बढ़ावा**

श्रीकंचनपथ समाचार

रायपुर। स्कूल शिक्षा मंत्री गजेंद्र यादव ने शिक्षा विभाग के संभागीय अधिकारियों की समीक्षा बैठक अपने शासकीय आवास कार्यालय के सभाकक्ष में लेकर प्रदेश में शैक्षणिक गुणवत्ता, पाठ्यक्रम की प्रगति, बोर्ड परीक्षाओं की तैयारियों तथा विद्यालयों की व्यवस्थाओं की विस्तृत समीक्षा की।



उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि सभी विद्यालयों में निर्धारित समय-सीमा के भीतर पाठ्यक्रम पूर्ण कराया जाए तथा शैक्षणिक गतिविधियों की सतत निगरानी सुनिश्चित की जाए। सभी संभागीय अधिकारी अपने-अपने क्षेत्र के विद्यालयों का नियमित निरीक्षण करें और जहां शासन के निर्देशों का पालन नहीं किया जा रहा है, वहां संबंधित अधिकारियों एवं कर्मचारियों से स्पष्टीकरण प्राप्त कर आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित करें।

शिक्षा मंत्री श्री यादव ने कहा कि राज्य सरकार की प्राथमिकता प्रत्येक बच्चे को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा उपलब्ध कराना है। इसके लिए विद्यालयों में नियमित अध्यापन, शिक्षकों की उपलब्धता और विद्यार्थियों की शैक्षणिक प्रगति पर विशेष ध्यान दिया जाए। उन्होंने शिक्षकविहीन एवं एकल शिक्षक वाले विद्यालयों तथा दिव्यांग शिक्षकों की पदस्थापना वाले विद्यालयों की स्थिति की समीक्षा करते हुए आवश्यकता के अनुरूप शिक्षकों की व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। साथ ही निलंबित शिक्षकों के प्रकरणों की स्थिति की भी समीक्षा की।

शिक्षा मंत्री ने आगामी बोर्ड परीक्षाओं की तैयारियों की समीक्षा करते हुए कहा कि शिक्षकों के अवकाश पर जाने से विद्यार्थियों की पढ़ाई एवं परीक्षा की तैयारी प्रभावित नहीं होनी चाहिए। इसके लिए वैकल्पिक अध्यापन व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। उन्होंने तिमाही परीक्षा परिणामों का मूल्यांकन कर कमजोर विद्यार्थियों के शैक्षणिक स्तर में सुधार लाने तथा अर्धवार्षिक एवं बोर्ड परीक्षाओं की प्रभावी तैयारी कराने के निर्देश दिए। बैठक में विद्यार्थियों के गणितीय ज्ञान और शब्द ज्ञान के स्तर की संभागवार समीक्षा भी की गई। इसके साथ ही जिलों में नीट एवं अन्य प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारियों की प्रगति पर चर्चा की गई। शिक्षा मंत्री यादव ने कहा कि विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए पढ़ाई के साथ खेलकूद, योग एवं सांस्कृतिक गतिविधियां भी आवश्यक हैं। उन्होंने निर्देश दिए कि प्रत्येक शनिवार विद्यालयों में कम से कम एक घंटे योग एवं खेल गतिविधियों में बच्चों की सहभागिता सुनिश्चित की जाए। इसके साथ ही स्काउट-गाइड एवं एनसीसी गतिविधियों को प्रोत्साहित करने तथा शारीरिक शिक्षा शिक्षकों (पीटीआई) के प्रशिक्षण पर विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए।

उन्होंने कहा कि विद्यालयों में प्रमुख राष्ट्रीय दिवसों, त्योहारों, उत्सवों एवं वीर शहीदों की जयंती पर सांस्कृतिक एवं रचनात्मक कार्यक्रम आयोजित किए जाएं। इन आयोजनों में अधिक से अधिक विद्यार्थियों की भागीदारी सुनिश्चित कर उनमें राष्ट्रप्रेम, अनुशासन, सामाजिक जिम्मेदारी और सांस्कृतिक मूल्यों का विकास किया जाए।

शिक्षा मंत्री ने सभी विद्यालयों में 'हमारा स्वच्छ स्कूल' अभियान के अंतर्गत नियमित साफ-सफाई एवं स्वच्छता गतिविधियां संचालित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि विद्यालय परिसर में स्वच्छ एवं स्वस्थ वातावरण उपलब्ध कराना आवश्यक है। स्वच्छता अभियान में विद्यार्थियों और शिक्षकों की सक्रिय सहभागिता सुनिश्चित की जाए, ताकि बच्चों में स्वच्छता के प्रति जागरूकता और जिम्मेदारी की भावना विकसित हो।बैठक में शिक्षा मंत्री ने शिक्षकों एवं कर्मचारियों से संबंधित लंबित प्रकरणों की भी समीक्षा की।

उन्होंने आहरण एवं संवितरण अधिकारियों (डीडीओ) से संबंधित सेवा पुस्तिका एवं पासबुक सत्यापन की स्थिति की समीक्षा करते हुए माहवार शिविर अथवा बैठक आयोजित कर प्रकरणों का निराकरण करने के निर्देश दिए।

### 26 नवंबर को रोजगार मेला, 90 पदों पर होगी भर्ती

**मुंगेली।** जिले के स्थानीय शिक्षित बेरोजगार युवाओं को निजी क्षेत्र में रोजगार के अवसर उपलब्ध कराने के उद्देश्य से जिला रोजगार एवं स्वरोजगार मार्गदर्शन केंद्र मुंगेली द्वारा 26 नवंबर 2026 को रोजगार मेले का आयोजन किया जा रहा है। रोजगार मेला जिला रोजगार कार्यालय, जिला परियोजना लाइवलीहुड कॉलेज परिसर, ग्राम जमकोर में सुबह 11 बजे से दोपहर 03 बजे तक आयोजित होगा। जिला रोजगार अधिकारी ने बताया कि रोजगार मेले में दो निजी कंपनियों द्वारा कुल 90 रिक्त पदों पर भर्ती की जाएगी। इसमें फील्ड ऑफिसर के 60 पदों पर 10वीं एवं 12वीं उत्तीर्ण अभ्यर्थियों का चयन किया जाएगा। वहीं इलेक्ट्रॉनिक मीटर टेक्नीशियन के 30 पदों पर 10वीं, 12वीं एवं आईटीआई उत्तीर्ण अभ्यर्थियों की भर्ती की जाएगी।

CAR DECOR
House Of Exclusive
Seat Cover,
Car Stereos Matting &
Sun Control Film &
Other Accessories
Shop No.3 Nafish Tower.
Opp. Indian Coffee House,
Akashganga, Bhilai
Mo.9300771925, 0788-4030919
K. Satyanarayan

ॐ SAIRAM
Mobile Accessories
मोबाईल शॉप में कार्य करने हेतु लड़को की आवश्यकता है
7000415602
Shop No. 78, Himalaya Complex, Supela, Bhilai

ROCKEY INDUSTRIES
FURNITURE PALACE
Deals in: (Steel & Wooden)
Luxury & Imported Furniture
Akash Ganga, Supela, Bhilai Ph. 2296430

चौरसिया ज्वेलर्स
आकर्षक सोने चांदी के आभूषणों के निर्माता एवं विक्रेता
बेन्टेक्स एवं ग्रहरत्न उपलब्ध यहां
उचित ब्याज दर पर गिरवी रखी जाती है
मुक्तिधाम रोड, रामनगर, सुपेला, भिलाई
9827938211, 9827171332

Jaquar Roca Parryware AJAY FLOWLINE
Shri Vijay Enterprises
Sanitarywares, Tiles,
CPVC Pipes &
Bathroom Fittings etc.
Supela Market, Bhilai
PH. 0788-4030909, 2295573

## खास खबर

### पत्नी ने लोहे के बाट से पति के सिर पर किया वार, मौत

**बलरामपुर।** जिले के त्रिकुंडा थाना क्षेत्र के ग्राम पलगी छतौलीपारा में घरेलू विवाद के दौरान पत्नी द्वारा लोहे के तराजू के बाट से पति के सिर पर वार करने से उसकी मौत हो गई। मामले में पुलिस ने आरोपी पत्नी राजपति कुम्हरिया (32 वर्ष) को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर रामानुजगंज न्यायालय में पेश किया है। रामदेव कुम्हरिया (39 वर्ष) ने 16 नवंबर 2026 को थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई थी। 15 नवंबर को सुबह करीब 9 से 10 बजे प्रभात कुम्हरिया और उसकी पत्नी राजपति कुम्हरिया गांव में धान कटाई की मजदूरी करने गए थे। काम खत्म करने के बाद दोनों शाम करीब 8 से 9 बजे शराब पीकर घर लौटे। अधिक नशे में होने के कारण राजपति ने खाना नहीं बनाया। खाना नहीं बनाने की बात को लेकर उसने पत्नी के गाल पर तीन थप्पड़ मार दिए। राजपति ने लोहे के किलोबाट से प्रभात की बाईं आंख के ऊपर माथे पर एक वार कर दिया। घटना के बाद आरोपी महिला अपने कमरे में जाकर सो गई। कुछ देर बाद प्रभात भी बगल में जाकर सो गया। सुबह करीब 4 बजे राजपति की नींद खुली तो उसने पति को जगाने का प्रयास किया, लेकिन वह नहीं उठा। शरीर छूकर देखने पर पता चला कि उसकी मौत हो चुकी थी।

### बिजली बिल वसूली करने पहुंचे असिस्टेंट से मारपीट

**जशपुर।** जशपुर में बकाया बिजली बिल की वसूली करने पहुंचे बिजली विभाग के असिस्टेंट इंजीनियर के साथ मारपीट और जान से मारने की धमकी देने के मामले में बगीचा पुलिस ने पिता-पुत्र को गिरफ्तार किया है। आरोप है कि असिस्टेंट इंजीनियर को जान से मारने की धमकी देते हुए लकड़ी के डंडे समेत अन्य वस्तु से हमला कर दिया। मारपीट में भूपेन्द्र राठौर के सिर और कंधे में चोट आई। घटना बगीचा थाना क्षेत्र के ग्राम महादेवडांड़ की है। विवाद करीब 1 लाख 67 हजार रुपए के बकाया बिजली बिल की वसूली को लेकर हुआ था। पुलिस ने दोनों आरोपियों को न्यायिक रिमांड पर जेल भेज दिया है।

### गुलेल से पत्थर मारने की बात पर हत्या, तीन गिरफ्तार

**कबीरधाम।** जिले के कुकदुर थाना क्षेत्र के ग्राम डेंगुरजाम में गुलेल से पत्थर मारने की बात को लेकर हुए विवाद में एक व्यक्ति की हत्या का मामला सामने आया है। विवाद के दौरान तीन आरोपियों ने एकराय होकर डंडे से हमला कर इतवारी बैगा को गंभीर रूप से घायल कर दिया, जिससे उसकी मौत हो गई। मामले में कुकदुर पुलिस ने तीनों आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेज दिया है। मोहन बैगा, आमबाई उर्फ रामबाई बैगा और रामदयाल बैगा का गांव के ही इतवारी बैगा से गुलेल से पत्थर मारने की बात को लेकर विवाद हुआ था। विवाद बढ़ने पर तीनों ने मिलकर डंडे से उस पर हमला कर दिया।

# मोबाइल विवाद में नाबालिग छात्र का अपहरण, सात आरोपी गिरफ्तार

## फोन वापस नहीं मिलने पर छात्र को अगवा कर बंधक बनाया, रातभर पीटा

श्रीकंचनपथ न्यूज

**बिलासपुर।** बिलासपुर में मोबाइल वापस नहीं मिलने पर 7 युवकों ने 16 साल के छात्र का अपहरण कर लिया। आरोपी उसे बंधक बनाकर रातभर पीटते रहे। पुलिस ने देर रात छापेमारी कर छात्र को सुरक्षित बरामद कर लिया। पुलिस ने अपहरण का केस दर्ज कर सभी आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। मामला सिविल लाइन थाना क्षेत्र का है।

पुलिस के अनुसार, कस्तूरबा नगर में रहने वाला 16 साल का छात्र 17 नवंबर की शाम करीब 6:40 बजे घर से निकला था। देर रात तक घर नहीं लौटने पर परिजनों ने उसकी तलाश शुरू की। इस दौरान पता चला कि कोनी के बॉम्बे आवास निवासी शेख अजीमुद्दीन उर्फ अज्जू अपने साथियों के साथ उसे ले गया है। इसके बाद छात्र के भाई ने सिविल लाइन थाने में शिकायत दर्ज कराई।




### अपहरण की सूचना पर रात में ही पुलिस ने दी दबिश

एएसपी सिटी पंकज पटेल ने बताया कि कस्तूरबा नगर की सिंधी कॉलोनी से 11वीं के छात्र के अपहरण की सूचना मिली थी। इसके बाद रात में ही पुलिस की टीम सक्रिय हो गई। पुलिस ने संदेही शेख अजीमुद्दीन उर्फ अज्जू और उसके साथियों के ठिकानों पर दबिश दी।

इस दौरान पता चला कि अज्जू अपने साथियों के साथ सिंधी कॉलोनी के पास घूम रहा है। पुलिस ने घेराबंदी कर अज्जू और उसके साथियों को हिरासत में लिया और पूछताछ की।

### अपहरण कर की मारपीट मकान से छात्र को किया बरामद

पूछताछ में शेख अजीमुद्दीन ने अपने छह अन्य साथियों के साथ मिलकर छात्र का अपहरण करने की बात स्वीकार की। उसकी निशानदेही पर पुलिस ने कोनी स्थित एक मकान में दबिश देकर छात्र को सुरक्षित बरामद किया। इस मामले में शेख अजीमुद्दीन उर्फ अज्जू (22), शेख नजीमुद्दीन (23), निखिल कुशवाहा (22), अलताफखान (22), शेख निशार (20), मोहम्मद सैफ (21) और अलताफ खान (19) को गिरफ्तार किया गया है। सभी आरोपी तालापारा और कोनी क्षेत्र के रहने वाले हैं।

### मोबाइल वापस नहीं मिलने पर बनाया बंधक

पुलिस के मुताबिक, मोबाइल वापस नहीं मिलने को लेकर विवाद हुआ था। इसी बात से नाराज होकर युवकों ने किशोर को अपने साथ ले जाकर बंधक बना लिया और रातभर उसके साथ मारपीट की।

इस मामले में सिविल लाइन थाने में बीएनएस की धारा 137(2), 138, 115(2) और 3(5) के तहत केस दर्ज किया गया है। पुलिस ने सभी आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।

## छत्तीसगढ़ में पकड़ाया एमपी का धान 75 बोरी धान के साथ वाहन भी जब्त



श्रीकंचनपथ न्यूज

**कबीरधाम।** धान खरीदी व्यवस्था में पारदर्शिता बनाए रखने और अवैध धान के परिवहन पर रोक लगाने के लिए कबीरधाम जिला प्रशासन ने निगरानी तेज कर दी है। इसी कड़ी में खाद्य एवं मंडी विभाग की संयुक्त टीम ने मध्यप्रदेश से अवैध रूप से परिवहन कर लाया जा रहा 75 बोरी धान वाहन सहित जब्त किया है। टीम ने धान के परिवहन से संबंधित जांच कर नियमानुसार कार्रवाई की।

धान खरीदी व्यवस्था में पारदर्शिता बनाए रखने और वास्तविक किसानों को समर्थन मूल्य का लाभ सुनिश्चित करने के लिए कलेक्टर तुलिका प्रजापति के निर्देश पर जिले में लगातार जांच अभियान चलाया जा रहा है। खाद्य एवं मंडी विभाग की टीम द्वारा अवैध परिवहन और भंडारण पर नजर रखी जा रही है।

कलेक्टर ने संबंधित अधिकारियों को सीमावर्ती क्षेत्रों और प्रमुख मार्गों पर विशेष निगरानी रखने तथा नियमित जांच अभियान चलाने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने स्पष्ट किया है कि दूसरे राज्यों से अवैध रूप से धान लाकर समर्थन मूल्य पर खपाने की किसी भी कोशिश को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। जिले में धान के अवैध परिवहन, भंडारण एवं खपाने के विरुद्ध जांच और कार्रवाई लगातार जारी रहेगी, ताकि धान खरीदी व्यवस्था सुव्यवस्थित, पारदर्शी और किसानों के हित में बनी रहे।

# कार चालक ने लोगों को टक्कर मारी, आरोपी गिरफ्तार

श्रीकंचनपथ न्यूज

**जशपुर।** जशपुर जिले के पालीडीह में 16 नवंबर की शाम तेज रफ्तार आर्टिगा कार ने सड़क किनारे खड़े लोगों और वाहनों को टक्कर मार दी। घटना शाम करीब 5 बजे जिंदल बजाज मोटरसाइकिल शोरूम के सामने हुई। बटुराबहार निवासी बोधलाल नायक अपने भतीजे खेमचंद नायक और साथी सीताराम नायक व संदीप चौहान के साथ मोटरसाइकिल खरीदने पहुंचे थे। उन्होंने अपनी कार और मोटरसाइकिल शोरूम के सामने खड़ी की और अंदर चले गए। इसी दौरान उनके दोस्त विके बंजारा भी मोटरसाइकिल से वहां पहुंचे। शाम को सभी लोग शोरूम से बाहर निकले, तभी पाकरगांव की ओर से तेज रफ्तार में आ रही आर्टिगा कार ने सड़क किनारे खड़ी गाड़ियों को टक्कर मार दी। कार गलत दिशा से आ रही थी। उसने वहां खड़ी स्विफ्ट डिजायर, ऑल्टो और कई मोटरसाइकिलों को अपनी चपेट में ले लिया। हादसे में खेमचंद नायक, सीताराम नायक, संदीप चौहान और विके बंजारा गंभीर रूप से घायल हो गए।



हादसे का सीसीटीवी फुटेज भी सामने आया है। इसमें कार शोरूम के सामने खड़े वाहनों को टक्कर मारती दिख रही है। हादसे के बाद चालक ने भागने की कोशिश की, लेकिन उसकी कार सड़क के डिवाइडर के गड्ढे में फंस गई। वह कार से उतरकर भागने लगा, तभी मौके पर मौजूद लोगों ने उसे पकड़ लिया और पुलिस को सूचना दी। पूछताछ और जांच के बाद उसे गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर जेल भेज दिया गया।

# शादी का वादा कर महिला से संबंध बनाने का आरोप


श्रीकंचनपथ न्यूज

**जशपुर।** जशपुर में शादी का वादा कर एक महिला के साथ लंबे समय तक शारीरिक संबंध बनाने और बाद में उसे पत्नी के रूप में स्वीकार करने से इनकार करने के मामले में पत्थलगांव पुलिस ने आरोपी दुर्योधन यादव (22) को गिरफ्तार किया है। वर्ष 2023 में एक सहेली के माध्यम से 30 वर्षीय महिला की पहचान दुर्योधन यादव से हुई थी। महिला ने आरोपी को अपनी पूर्व वैवाहिक जिंदगी और बच्चों के बारे में पहले ही बता दिया था। आरोप है कि दुर्योधन ने उससे शादी करने और उसके बच्चों की जिम्मेदारी उठाने का भरोसा दिलाया था। महिला की शिकायत के मुताबिक, इस भरोसे में आकर वह 31 मार्च 2023 को आरोपी को अपने किराये के मकान में ले गई। वहां आरोपी ने उसके साथ रिश्ता बनाने की इच्छा जताई और उसकी मांग में सिंदूर भर दिया। महिला का आरोप है कि इसके बाद 1 अक्टूबर 2026 तक आरोपी शादी का भरोसा देकर अलग-अलग समय पर उसके साथ शारीरिक संबंध बनाता रहा। बाद में जब महिला ने उसे पत्नी के रूप में साथ रखने की बात कही तो उसने इनकार कर दिया।



महिला की रिपोर्ट पर पुलिस ने आरोपी दुर्योधन यादव के खिलाफ अपराध क्रमांक 253/2026 के तहत भारतीय दंड विधान की धारा 376(2-एन) और बीएनएस की धारा 69 के तहत अपराध दर्ज कर विवेचना शुरू की। घटना के बाद से आरोपी फरार था। सूचना के आधार पर पत्थलगांव पुलिस ने उसके गृह ग्राम में घेराबंदी कर उसे हिरासत में लिया। आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर जेल भेज दिया गया।

# पुलिस ने जंगल से 11 भैंसें छुड़ाईं, दो तस्कर गिरफ्तार



**जशपुर।** जशपुर जिले में पशु तस्करी के खिलाफ चलाए जा रहे ऑपरेशन शंखनाद के तहत पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए जंगल के रास्ते झारखंड ले जाई जा रही 11 भैंसों को तस्करों के कब्जे से मुक्त कराया है। तस्कर भैंसों को पैदल हांकते हुए जंगल के रास्ते गंतव्य तक पहुंचाने की कोशिश कर रहे थे। इसी दौरान ग्रामीण की सूचना पर पुलिस ने घेराबंदी कर दो आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया, जबकि उनका एक साथी जंगल का फायदा उठाकर फरार हो गया। पुलिस ने बरामद सभी भैंसों को सुरक्षित मुक्त करा दिया है।

16 नवंबर 2026 को सन्ना थाना क्षेत्र के सोनक्यारी चौकी अंतर्गत ग्राम सरडीह के जंगल में कुछ लोगों द्वारा बड़ी संख्या में भैंसों को मारते-पीटते हुए पैदल ले जाने की सूचना मिली थी। ग्राम बलादरपाठ के एक ग्रामीण ने संदिग्ध गतिविधियां देखकर तत्काल सोनक्यारी पुलिस को इसकी जानकारी दी। सूचना मिलते ही पुलिस टीम मौके पर पहुंची और जंगल में घेराबंदी की। इस दौरान तीन व्यक्ति 11 भैंसों को लेकर जाते दिखाई दिए। पुलिस को देखकर तीनों भागने लगे। पुलिस ने पीछा कर दो आरोपियों को पकड़ लिया, जबकि तीसरा जंगल के रास्ते फरार हो गया। गिरफ्तार आरोपियों की पहचान शिवनारायण यादव (55) और कपिलदेव यादव (23), जिला जशपुर के रूप में हुई है। उक्त व्यक्ति ने रुपये देने का लालच देकर उन्हें सभी भैंसों को ग्राम सरडीह के जंगल के रास्ते झारखंड पहुंचाने के लिए कहा था।

# कम कीमत पर छड़ दिलाने का झांसा देकर ठगी, आरोपी गिरफ्तार

श्रीकंचनपथ न्यूज

**जांजगीर-चांपा।** कम कीमत पर छड़ दिलाने का झांसा देकर दो दुकानदारों से करीब 4 लाख रुपए की ठगी के आरोप में नवागढ़ पुलिस ने दो लोगों को गिरफ्तार किया है। पुलिस के मुताबिक, आरोपियों ने एक महीने के भीतर अवरिद और सिउड़ के कारोबारियों को निशाना बनाया। उनके पास से मोबाइल, बैंक खाते से जुड़े दस्तावेज और फर्जी विजिटिंग कार्ड जब्त किए गए हैं।

सिउड़ के किशन राठौर ने 15 अक्टूबर 2026 को नवागढ़ थाने में शिकायत दर्ज कराई थी। उन्होंने बताया कि पुरुषोत्तम यादव और राजेश कुमार ने आधी कीमत पर छड़ दिलाने का झांसा देकर फोन-पे से 80 हजार रुपए लिए।



रकम लेने के बाद दोनों ने मोबाइल फोन बंद कर लिया। दूसरे मामले में अवरिद के चंद्रशेखर कश्यप ने शिकायत की कि पुरुषोत्तम यादव ने छड़ दिलाने के नाम पर उनसे 2 लाख 50 हजार रुपए लिए। पुलिस के मुताबिक, आरोपी ने शिवरीनारायण के एक छड़ विक्रेता को फोन कर अवरिद में माल पहुंचाने को कहा। उसने बताया कि माल उतरने के बाद भुगतान किया जाएगा।

इसके बाद आरोपी ने चंद्रशेखर कश्यप से रकम तैयार रखने को कहा। छड़ अवरिद पहुंचने पर आरोपी पैसे लेकर फरार हो गया। शिवरीनारायण के दुकानदार ने भुगतान मांगा, तब ठगी का पता चला। पुलिस अधीक्षक विजय कुमार पांडेय के निर्देशन में आरोपियों की तलाश की जा रही थी। पुलिस ने मुख्य आरोपी पुरुषोत्तम यादव के बैंक खाते और मोबाइल नंबर की जांच की। उसके पुराने पते पर पता चला कि वह कई साल से वहां नहीं रह रहा था। तलाश के दौरान पुलिस को जानकारी मिली कि आरोपी जांजी, थाना सीपत क्षेत्र में रह रहा है। पुलिस टीम ने वहां दबिश देकर उसे गिरफ्तार किया।

पूछताछ में पुरुषोत्तम यादव ने राजेश कुमार के साथ मिलकर ठगी करना स्वीकार किया। पुलिस ने पुरुषोत्तम यादव (37) और राजेश कुमार (38), निवासी सिउड़, को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया है।

# लकड़ी तोड़ने के विवाद में मारपीट हथियार से हमले में युवक की मौत



श्रीकंचनपथ न्यूज

**बिलासपुर।** बिलासपुर के सरकंडा स्थित अशोक नगर के अटल आवास में बुधवार रात करीब 11 बजे अलाव जलाने के लिए लकड़ी तोड़ने की बात पर दो पक्षों के बीच विवाद हो गया। देखते ही देखते विवाद मारपीट में बदल गया।

इस दौरान धारदार हथियार से हमले में 19 साल का मयंक ध्रुव गंभीर रूप से घायल हो गया। उसे अस्पताल ले जाया जा रहा था, लेकिन रास्ते में ही उसकी मौत हो गई। वहीं, दूसरे पक्ष के गोपाल समेत दो युवक भी गंभीर रूप से घायल हो गए।

दोनों का सिम्स में इलाज चल रहा है। सरकंडा पुलिस ने दोनों पक्षों की शिकायत पर एफआईआर दर्ज की है। पुलिस ने हत्या के मामले में चार और हत्या के प्रयास के मामले में दो आरोपियों को चिन्हित किया है। उनकी गिरफ्तारी के लिए कार्रवाई की जा रही है। मामला सरकंडा थाना क्षेत्र का है।

जानकारी के मुताबिक, घटना अटल आवास के डी ब्लॉक की है। बताया जा रहा है कि बुधवार रात अलाव जलाने के लिए लकड़ी तोड़ी जा रही थी। इसी बात पर दोनों पक्षों के बीच कहासुनी शुरू हो गई। विवाद बढ़ने पर दोनों तरफ से मारपीट होने लगी। इस दौरान मयंक गंभीर रूप से घायल हो गया। परिजन और अन्य लोग उसे अस्पताल ले जाने लगे, लेकिन रास्ते में ही उसने दम तोड़ दिया।

इस मारपीट में दूसरे पक्ष के गोपाल समेत दो युवक भी गंभीर रूप से घायल हुए हैं। दोनों को इलाज के लिए सिम्स में भर्ती कराया गया है। घटना के बाद इलाके में पुलिस पहुंची और दोनों पक्षों की शिकायत पर केस दर्ज किया।

### हत्या के 4 और हत्या के प्रयास के 2 आरोपी चिन्हित

सरकंडा सीएसपी तिलेश्वर प्रसाद यादव ने बताया कि इस मामले में हत्या के चार और हत्या के प्रयास के दो आरोपियों को चिन्हित किया है। पुलिस उनकी गिरफ्तारी के लिए कार्रवाई कर रही है। पूरे घटनाक्रम और दोनों पक्षों की भूमिका की जांच की जा रही है।

# हेरोइन के मुख्य सप्लायर सहित 2 आरोपी गिरफ्तार, 4 लाख से ज्यादा का मशरूका जब्त

श्रीकंचनपथ न्यूज

**भिलाई।** स्मृतिनगर चौकी पुलिस द्वारा मंगलवार को मादक पदार्थों की अवैध बिक्री के विरुद्ध कार्रवाई करते हुए हेरोइन की बिक्री में संलिप्त मुख्य सप्लायर सहित 2 आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है। आरोपियों के कब्जे से 10.30 ग्राम चिट्टा/हेरोइन एवं अन्य सामग्री सहित कुल 4 लाख 22 हजार 200 रुपए की मशरूका जब्त किया गया।

दरअसल 17 नवंबर को चौकी स्मृतिनगर पुलिस को मुखबिर से सूचना प्राप्त हुई कि इमली तालाब, कोहका क्षेत्र में एक व्यक्ति मादक पदार्थ चिट्टा/हेरोइन की अवैध बिक्री कर रहा है। सूचना पर पुलिस टीम द्वारा तत्काल मौके पर घेराबंदी कर आरोपी मृत्युंजय दुबे को पकड़ा गया। तलाशी के दौरान उसके कब्जे से 3.58 ग्राम चिट्टा/हेरोइन बरामद किया गया। पूछताछ में आरोपी ने विकास पाल, निवासी कृष्णा नगर, सुपेला से मादक पदार्थ खरीदकर रायपुर क्षेत्र में बिक्री करना बताया।



इस आधार पर पुलिस टीम द्वारा स्टील सिटी कॉलोनी में दबिश देकर विकास पाल को पकड़ा गया। उसके कब्जे से 6.72 ग्राम चिट्टा/हेरोइन बरामद किया गया। इस प्रकार दोनों आरोपियों के कब्जे से कुल 10.30 ग्राम चिट्टा/हेरोइन, 02 मोबाइल फोन, 02 दोपहिया वाहन एवं बिक्री की नगदी रकम सहित कुल 4 लाख 22 लाख 200 रुपए का मशरूका जब्त किया गया। दोनों आरोपियों को विधिवत गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष पेश किया गया। आरोपी मादक पदार्थ के मुख्य सप्लायर से चिट्टा/हेरोइन प्राप्त कर दुर्ग-भिलाई एवं रायपुर क्षेत्र में अलग-अलग स्थानों पर घूम-घूमकर इसकी अवैध बिक्री करते थे। कारोबार के लिए दोपहिया वाहनों का उपयोग किया जाता था तथा मोबाइल फोन के माध्यम से आपसी संपर्क एवं बिक्री संबंधी गतिविधियां संचालित की जाती थीं। उक्त कार्रवाई में चौकी स्मृतिनगर पुलिस टीम की महत्वपूर्ण भूमिका रही। मुखबिर सूचना पर त्वरित कार्रवाई, आरोपियों से पूछताछ एवं प्राप्त जानकारी के आधार पर मुख्य सप्लायर तक पहुंचकर दोनों आरोपियों को गिरफ्तार करने में पुलिस टीम का समन्वित प्रयास सराहनीय रहा।

दुर्ग पुलिस आम नागरिकों, विशेषकर युवाओं एवं अभिभावकों से अपील करती है कि नशे के अवैध कारोबार एवं मादक पदार्थों के सेवन से दूर रहें। अपने आसपास मादक पदार्थों की बिक्री, तस्करी अथवा सप्लाई की जानकारी मिलने पर तत्काल पुलिस को सूचित करें। नशे के विरुद्ध अभियान में दुर्ग पुलिस का सहयोग करें। सूचना देने वाले व्यक्ति की पहचान गोपनीय रखी जाएगी।


**कार्यालय प्राचार्य / अग्रणी संस्था अधिकारी**
**शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था, दुर्ग**
**जिला - दुर्ग ( छ.ग. ) 491001**
पता-बालोद रोड, पुलगांव, दुर्ग, जिला-दुर्ग
**Email-itidurg@rediffmil.com**

**क्रमांक-औप्रसं/दुर्ग/स्थाप/मेह.प्रव./ भर्ती /2026 / 2269**
**/दिनांक 17/11/2026**

**// विज्ञप्ति //**

इस अग्रणी संस्था के अंतर्गत आने वाले विभिन्न औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थाओं में प्रशिक्षण सत्र 2026-27 के लिए व्यवसाय - स्टेनोग्राफर सेक्रेट्रियल असिस्टेंट हिन्दी एवं अंग्रेजी के प्रशिक्षण कार्य पूर्ण कराए जाने हेतु संबंधित व्यवसाय/विषय के प्रशिक्षण अधिकारी के स्वीकृत पदों के रिक्त पदों के विरुद्ध अतिथि मेहमान प्रवक्ता (गेस्ट लेक्चरर) के लिये निर्धारित प्रारूप में आवेदन पत्र दिनांक 02-12-2026 समय 05:00 PM तक शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.) में आमंत्रित किये जाते हैं। इच्छुक अभ्यर्थी शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.) में निर्धारित प्रारूप में आवेदन केवल स्पीड पोस्ट/पंजीकृत डाक के माध्यम से ही जमा कर सकते हैं। विज्ञापन का विवरण इस संस्था के सूचना पटल पर देखा जा सकता है तथा आवेदन पत्र का प्रारूप, कार्यालय प्राचार्य, शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.) से कार्यालयीन समय में प्राप्त किया जा सकता है अथवा संस्था की वेबसाइट https://govti-tidurg.org और https://cgiti.cg.gov.in/iti/durg से डाउनलोड किया जा सकता है।

**प्राचार्य / अग्रणी संस्था अधिकारी**
**औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था दुर्ग**
**जिला. दुर्ग ( छ.ग. )**

**जी- 262704593/3**




Ashok
JEWELLERY
Gifts • Toys • Cosmetics
Perfumes • Silv Jewellery
Beside Parakh Jewellers,
Akash Ganga,
Supela, Bhilai
Hello: 0788-4052727
Mukesh Jain 9009959111
Rishabh Jain 8103831329


भिलाई की सबसे बड़ी
चुड़ी की दुकान
निखार
बैंगल
मो.- 9826186026
Shop-47, 'A' Market, Sec-6, Bhilai Nagar, Distt., Durg (C.G.)

भिलाई मसाला उद्योग
शुद्ध कुटे हुए मसाले,पापड़,
अचार, बड़ी, जड़ी-बूटी, नचकी
का सामान इत्यादि
128, ए- मार्केट, सेक्टर-6, भिलाई,
फोन. 2284508, मो. 9826137766

छत्तीसगढ़ शासन
सत्यमेव जयते

धुएँ से मुक्ति
स्वच्छ ईंधन
स्वस्थ नारी



प्रधानमंत्री
उज्ज्वला योजना

छत्तीसगढ़ की
39.73
लाख+
महिलाओं को मिला
गैस कनेक्शन



श्री विष्णु देव साय
माननीय मुख्यमंत्री, छत्तीसगढ़

श्री नरेन्द्र मोदी
माननीय प्रधानमंत्री

हमसे जुड़ने के लिए
QR स्कैन करें
छत्तीसगढ़ जनसंपर्क

/ChhattisgarhCMO
/DPRChhattisgarh
www.dprcg.gov.in

सुशासन से समृद्धि की ओर

RO- 49814/8


स्वत्वाधिकारी, मुद्रक, प्रकाशक राजेश अग्रवाल द्वारा मिशन मीडिया प्रा. लि. छत्तीसगढ़ भवन, प्रेस काम्पलेक्स, रजबंधा मैदान, रायपुर ( छ.ग. ) से मुद्रित कर, 204 आकाशगंगा सुपेला, भिलाई जिला दुर्ग ( छ.ग. ) से प्रकाशित। संपादक राजेश अग्रवाल shreekanchanpath2010@gmail.com, Mo - 9303289950